# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 29, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 222 अंकों की उछाल

अगले वित्त वर्ष के लिए 6.8-7.2 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान जताए जाने से सेंसेक्स 221.69 अंक की बढ़त के साथ 82,566.37 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत के डिजिटल ढांचे पर दुनिया को भरोसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के पास पैमाने और विविधता के साथ लोकतंत्र है, जिसके कारण दुनिया भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे पर भरोसा करती है। } 16

## ग्लोबल एनर्जी मार्केट में भारत बना बड़ी ताकत

### वैश्विक ऊर्जा मांग में भारत की 35 फीसदी होगी हिस्सेदारी

**गोवा से मनोज बाजपेयी**



गोवा। गोवा इंडिया एनर्जी वीक में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ग्रीन हाइड्रोजन की नीति पर बात की। उन्होंने कहा कि यह नीति पहले से ही लागू है और प्रधानमंत्री मोदी ने इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भविष्य की ऊर्जा को लेकर अहम बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले बीस सालों में वैश्विक ऊर्जा मांग में भारत की हिस्सेदारी करीब 35 फीसदी होगी। उन्होंने साफ किया कि भारत की ऊर्जा क्षेत्र की ग्रोथ स्थिर और संतुलित है।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत अब केवल ऊर्जा का इंपोर्टर नहीं, बल्कि कई क्षेत्रों में एक्सपोर्टर की भूमिका में भी आ चुका है। देश की रिफाइनिंग और प्रोसेसिंग क्षमता लगातार बढ़ रही है और भारत आज ग्लोबल एनर्जी मार्केट से पूरी तरह इंटीग्रेटेड है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत 41 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है, जिससे सप्लाई डाइवर्सिफिकेशन और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की ऑयल इकोनॉमी वैश्विक ऊर्जा संतुलन में एक अहम भूमिका निभा रही है। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) पर बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत पुणेदिल्ली रूट पर एसएएफ आधारित एक उड़ान पहले ही संचालित कर चुका है। उन्होंने कहा कि 2027 से इस क्षेत्र में और ठोस प्रगति देखने को मिलेगी, केंद्रीय मंत्री ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में एसएएफ एक व्यावहारिक और प्रभावी समाधान के तौर पर उभरेगा। हरदीप सिंह पुरी ने मुताबिक एसएएफ के लिए जरूरी बायोमास ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नये साल में शिक्षकों को योगी सरकार ने दिया बड़ा तोहफा

### 15 लाख शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मी करा सकेंगे निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने नए साल में शिक्षा जगत से जुड़े लाखों कर्मियों के लिए बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की

❍ विस्थापित हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास को मंजूरी

अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी और उनके आश्रित परिवार सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी कैशलेस इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष शिक्षक दिवस पर इसकी घोषणा की थी, जिस पर अब कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इससे बेसिक व माध्यमिक शिक्षा से जुड़े लगभग 15 लाख शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी लाभान्वित होंगे। इस पर समग्र रूप से लगभग 448 करोड़ रुपये का व्यय होगा। कैबिनेट बैठक में शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विकास शुल्क की नई व्यवस्था लागू करने और इससे जुड़ी नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को अपने-अपने जनपदों में विज्ञान पार्क और नक्षत्रशाला बनाने के लिए कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। गोरखपुर में 721 करोड़ रुपये और वाराणसी के 18 वार्डों के लिए

❍ शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को भी मंत्रिमंडल की मंजूरी

266 करोड़ रुपये के सीवरेज प्रोजेक्ट्स को वित्तीय मंजूरी दी गई है। लखनऊ-हरदोई बॉर्डर पर बनने वाले टेक्सटाइल पार्क के लिए 458 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना को पास कर दिया गया है। यूपी में बेकार जर्जर संपत्तियों को तोड़कर नए भवन बनाए जाएंगे। योगी मंत्रिमंडल ने गुरुवार को शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को मंजूरी दे दी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### हत्या का संदिग्ध आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

आगरा। आगरा में पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस के अनुसार, हत्या के एक मामले में संदिग्ध बदमाश ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस उप-निरीक्षक की सरकारी पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में अन्य मुठभेड़ों में हत्या के इसी मामले से जुड़े दो अन्य वांछित अपराधी घायल हो गए, जिन पर भी 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस उपायुक्त (नगर) सैयद अली अब्बास ने कहा कि 23 जनवरी को ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के एक होटल में राज चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस अपराध में कई आरोपी शामिल थे। संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान आगरा जिले के खंदौली निवासी मुख्य आरोपी अरबाज खान उर्फ मंसूरी को गिरफ्तार किया गया।

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में आज सुबह सात बजे गोलीबारी शुरू हुई, जब डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम इलाके में हथियारबंद माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि अब तक मुठभेड़ स्थल से दो माओवादियों के शवों के साथ एक एके 47 राइफल, एक 9एमएम पिस्टल, अन्य हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इलाके में अभियान अभी भी जारी है।

# यूजीसी के नये नियम पर सुप्रीम रोक

### उच्चतम न्यायालय ने कहा-ये विनियम प्रथम दृष्टया अस्पष्ट प्रतीत होते हैं और इनका दुरुपयोग किये जाने की आशंका

**एजेंसी**



❛ यदि हम हस्तक्षेप नहीं करते हैं तो इसके खतरनाक परिणाम होंगे, समाज में विभाजन होगा और इसके गंभीर प्रभाव होंगे, प्रथम दृष्टया हम कहते हैं कि विनियमन की भाषा अस्पष्ट है और विशेषज्ञों को इसकी भाषा को संशोधित करने के लिए जांच करने की आवश्यकता है। ❜




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के लिए यूजीसी के हालिया समानता नियमों पर यह कहते हुए बृहस्पतिवार को रोक लगा दी कि यह प्रारूप प्रथम दृष्टया अस्पष्ट है, इसके बहुत व्यापक परिणाम हो सकते हैं तथा इसका प्रभाव खतरनाक रूप से समाज को विभाजित करने वाला भी हो सकता है।

शीर्ष अदालत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 के खिलाफ दायर तीन याचिकाओं पर केंद्र और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब मांगा। याचिकाओं में यह आपत्ति उठाई गई है कि इन नियमों में जाति-आधारित भेदभाव को केवल अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के खिलाफ होने वाले भेदभाव तक ही सीमित रूप में परिभाषित किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, यदि हम हस्तक्षेप नहीं करते हैं तो इसके खतरनाक परिणाम होंगे, समाज में विभाजन होगा और इसके गंभीर प्रभाव होंगे, प्रथम दृष्टया हम कहते हैं कि विनियमन की भाषा अस्पष्ट है और विशेषज्ञों को इसकी भाषा को संशोधित करने के लिए जांच करने की आवश्यकता है, ताकि इसका दुरुपयोग न हो। पीठ ने नियम 3(1)(सी) के तहत संस्थागत संरक्षण से सामान्य श्रेणियों को बाहर रखने वाली जाति-आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा को स्थगित करने का निर्देश दिया और यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2012 को बहाल कर दिया। पीठ ने आदेश दिया हम अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए निर्देश देते हैं कि 2012 के विनियमन अगले आदेश तक लागू रहेंगे। पीठ ने यह भी रेखांकित किया कि पूर्ववर्ती प्रारूप को ध्वस्त करने से छात्रों के पास कोई उपाय नहीं बचेगा। इसने कहा नोटिस जारी कीजिए, जिसका जवाब 19 मार्च तक दिया जाना है। सॉलिसिटर जनरल नोटिस स्वीकार करें। चूंकि वर्ष 2019 में दायर याचिका में उठाए गए मुद्दे भी इन नियमों की संवैधानिकता की जांच के दौरान प्रासंगिक होंगे, इसलिए इन सभी याचिकाओं को उसी मामले के साथ संबद्ध किया जाए। इस बीच, यूजीसी विनियम 2026 को फिलहाल लागू न किया जाए।

यूजीसी विनयम 2026 के नियमों के लागू होने से कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए और छात्र समूहों तथा संगठनों ने इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रधान न्यायाधीश ने सुझाव दिया कि इस मामले पर प्रतिष्ठित न्यायविदों और सामाजिक वास्तविकताओं से परिचित विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने कहा, एक समिति का गठन होना चाहिए, जिसमें दो या तीन ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्ति हों, जो सामाजिक मूल्यों और समाज की समस्याओं को समझते हों। समाज का विकास कैसे होना चाहिए और यदि हम ऐसा ढांचा तैयार करते हैं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या जेल के जेलर-डिप्टी जेलर समेत 10 निलंबित

लखनऊ। अयोध्या जेल से दो बंदियों के फरार होने के मामले में वरिष्ठ जेल अधीक्षक जेलर, डिप्टी जेलर समेत दस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अयोध्या रेंज के डीआईजी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर इन सभी पर कार्रवाई की गई। अमेठी के मुसाफिरखाना निवासी गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज पर दुष्कर्म के केस में 14 सितंबर 2025 से जेल में बंद था। वहीं सुल्तानपुर के रौदी निवासी शेर अली डकैती के केस में 28 नवंबर 2024 से जेल में था। दोनों पर हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी व छेड़खानी के भी मामले दर्ज हैं। बुधवार रात बैरक की दीवार को तोड़कर दोनों भाग निकले। डीजी जेल पीसी मीणा ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच अयोध्या रेंज के डीआईजी शैलेंद्र कुमार मैत्रेय को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच में जेल के वरिष्ठ अधीक्षक तीन अफसर समेत दस कर्मी दोषी पाए गए। उसी जेल के वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, जेलर जितेंद्र कुमार यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, हेड जेल वार्डर हरिहर प्रसाद व त्रिपुरारी मिश्र और जेल वार्डर सुरेश कुमार दुबे, जयप्रकाश यादव, सुनील कुमार, रमेश सहानी, रवि यादव व मनोज को निलंबित कर दिया गया है।

(विस्तृत खबर भीतर)

## संपत्ति पंजीकरण के लिए अब आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार संपत्ति पंजीकरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठा रही है। इसके तहत प्रदेश में आधार

❍ एक फरवरी से लागू होगा आदेश, फर्जी रजिस्ट्रियों पर लगेगी रोक, ई-केवाईसी व बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से बढ़ेगा भरोसा

आधारित प्रमाणीकरण व्यवस्था को लागू किया जा रहा है, जिससे फर्जी रजिस्ट्रियों और छद्म व्यक्तियों के जरिए होने वाले भूमि घोटालों पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

प्रदेश के स्टाम्प तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने विभाग से संबंधित दस्तावेजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में संपत्ति पंजीकरण प्रणाली में आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 28 अगस्त 2025 को सम्पन्न स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की समीक्षा बैठक में संपत्ति पंजीकरण के दौरान छद्म व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली फर्जी रजिस्ट्रियों पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देश का 'आर्थिक रिपोर्ट कार्ड' संसद में पेश

### 56.2 करोड़ के पास रोजगार का दावा, जीडीपी 7.2% तक रहने का अनुमान

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। देश की आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे साफ है कि व्यापार जोखिम और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। संसद में बृहस्पतिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया।

हालांकि, अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह अनुमान मौजूदा वित्त वर्ष के 7.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। इसका मुख्य कारण उपभोग और निवेश में कमी है। देश की आर्थिक स्थिति को बयां करने वाली 2025-26 की समीक्षा में कहा गया हाल के वर्षों में नीतिगत सुधारों के प्रभाव से अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की वृद्धि क्षमता 6.5 से 6.8 प्रतिशत से बढ़कर सात प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मजबूत वृद्धि का दृष्टिकोण बना हुआ है और इसके लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है, लेकिन निराशावादी होने की जरूरत नहीं है। चालू वर्ष के लिए 7.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान पिछले वर्ष की समीक्षा में अनुमानित 6.3 से 6.8 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। लेकिन अगले वर्ष के लिए अनुमान से साफ है कि अमेरिका के साथ व्यापार तनाव के बावजूद भारत दुनिया में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहेगा। भारत उन कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संपादक मनोज कुमार बाजपेयी को पितृ शोक

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। वॉयस ऑफ लखनऊ के कार्यकारी संपादक मनोज कुमार वाजपेयी के पिता राम सेवक वाजपेयी (93) का गुरुवार को देर शाम हृदयाघात से निधन हो गया। रेलवे सेवा से सेवानिवृत्त राम सेवक वाजपेयी ने कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं थीं। यूनियन के अध्यक्ष पद पर रहते रेलवे कर्मचारियों के हित में भी संघर्ष किए।

स्व. वाजपेयी अपने पीछे तीन पुत्र, पुत्रवधू व दो पुत्रियां का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री वाजपेयी के निधन पर रेलवे कर्मचारियों में शोक की लहर है। वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार वाजपेयी के पिता के निधन पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं, पत्रकार संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। वॉयस ऑफ लखनऊ में भी शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई और ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने व उनके परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की गई। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को 12 बजे बैकुंठ धाम (भैसाकुंड) पर होगा।

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने लोगों को सर्दी से बचाने के शहर में जलवाये जगह-जगह अलाव, लोगों को मिली राहत

## जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा धर्म : विराज सागर दास

**अनिल कुमार सिंह**







लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से राहत देने के लिए गुरुवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से अपना बचाव किया। गुरुवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव के पास खड़े होकर आंच सेंकते दिखे। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव का लुत्फ उठाया।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने गुरुवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन ...शेष पृष्ठ 14 पर



कर्तव्य पथ पर बीटिंग रिट्रीट में तीनों सेनाओं ने दिखाया दमखम

# बहराइच के आपदा प्रभावित 136 परिवारों को मिलेंगे पक्के मकान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बहराइच जनपद के राजस्व ग्राम भरथापुर के आपदा प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के क्रम में गुरुवार को कैबिनेट ने ग्राम को विस्थापित कर 136 परिवारों के पुनर्वास की योजना को मंजूरी दे दी है। पुनर्वास के बाद बसाई जाने वाली नई बस्ती का नामकरण मुख्यमंत्री की अनुमति से किया जाएगा। यह गांव एक ओर गेरुआ नदी और दूसरी ओर कौड़ियाल नदी से घिरा हुआ है, जबकि उत्तर दिशा में वन्य जीव क्षेत्र और नेपाल सीमा है। गांव तक सड़क मार्ग न होने के कारण लोगों को केवल नाव के सहारे आवागमन करना पड़ता है, जिससे हर समय जान का खतरा बना रहता है। 29 अक्टूबर 2025 को कौड़ियाल नदी में नाव पलटने से 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 नवंबर 2025 को गांव का हवाई सर्वेक्षण किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की घोषणा की थी। अब कैबिनेट ने उस घोषणा पर औपचारिक मुहर लगा दी है। आपदा प्रभावित परिवारों को ग्राम पंचायत सेमरहना, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में पुनर्वासित किया जाएगा। इसके लिए करीब 1.70 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया जिलाधिकारी बहराइच की ओर से पूरी की जाएगी। पुनर्वास के तहत विस्थापित 136 परिवारों को अलग-अलग प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। इन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना/प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके। नई बसाई जा रही बस्ती में सड़क, नाली, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग टाइल्स, ग्रीन बेल्ट, एलईडी स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इन कार्यों को लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग और जल जीवन मिशन के माध्यम से कराया जाएगा। प्रत्येक परिवार को भूमि आवंटन की जिम्मेदारी उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) को दी गई है।

सभी अवसंरचनात्मक सुविधाएं विकसित होने के बाद यह बस्ती ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी जाएगी। जो परिवार पहले से अपने पुराने स्थान को खाली कर वन विभाग या अन्य विभागों को भूमि सौंप चुके हैं, उन्हें वन विभाग से मिलने वाले पैकेज के अतिरिक्त यह पुनर्वास सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

**कैबिनेट फैसले**

**पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 99 हिंदू बंगाली परिवारों का होगा स्थायी पुनर्वासन :** प्रदेश सरकार ने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश में रह रहे हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वासन को लेकर बड़ा एवं मानवीय फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जनपद मेरठ से जुड़े इस प्रकरण को मंजूरी दी गई। यह मामला जनपद मेरठ की तहसील मवाना के ग्राम नंगला गोसाई का है, जहां पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 99 हिंदू बंगाली परिवार झील की भूमि पर लंबे समय से अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। कैबिनेट के फैसले के अनुसार इन सभी 99 परिवारों का पुनर्वासन जनपद कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील में किया जाएगा। ग्राम भैंसाया में पुनर्वास विभाग के नाम दर्ज 11.1375 हेक्टेयर (27.5097 एकड़) भूमि पर 50 परिवारों को तथा ग्राम ताजपुर तरसौली में पुनर्वास विभाग के नाम अंकित 10.530 हेक्टेयर (26.009 एकड़) भूमि पर शेष 49 परिवारों को बसाया जाएगा। प्रत्येक परिवार को 0.50 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी। यह भूमि प्रीमियम अथवा लीज रेंट पर 30 वर्ष के पट्टे पर दी जाएगी, जिसे आगे 30-30 वर्ष के लिए नवीनीकृत किया जा सकेगा। इस प्रकार पट्टे की अधिकतम अवधि 90 वर्ष होगी। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विस्थापित परिवारों के सम्मानजनक और सुरक्षित पुनर्वासन को सुनिश्चित करेगा। लंबे समय से अस्थायी हालात में रह रहे इन परिवारों को अब स्थायी ठिकाना और भविष्य की सुरक्षा मिल सकेगी।

## गंगा किसान सहकारी चीनी मिल का होगा आधुनिकीकरण

प्रदेश सरकार ने मुजफ्फरनगर के मोरना में गंगा किसान सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता बढ़ाने और नई तकनीक से मिल का आधुनिकीकरण करने का बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने मंजूरी दी है कि मिल की वर्तमान क्षमता 2500 टी.सी.डी. से बढ़ाकर पहले 3500 टी.सी.डी. और बाद में 5000 टी.सी.डी. तक की जाएगी। जर्जर प्लांट व पुरानी तकनीक की वजह से किसानों को बहुत लाभ नहीं हो रहा था, लेकिन नई आधुनिक मशीनरी वाली मिल में न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि इसके संचालन में दक्षता भी आएगी। सबसे बड़ा लाभ सीधे गन्ना उगाने वाले किसानों को मिलेगा। नई तकनीक के कारण पेराई क्षमता बढ़ने से गन्ना किसानों की आय भी दोगुनी किए जाने और समय से गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित किए जाने में सहायता मिलेगी। इस पहल से किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। यह कदम गन्ना किसानों को उनका हक दिलाने और सहकारी मिल के जरिए कृषि को मजबूत करने की दिशा में अहम है। नई आधुनिक मिल की स्थापना से क्षेत्र के किसानों का भरोसा बढ़ेगा और उत्पादन के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## शहरी सुविधाओं के लिए विकास शुल्क प्रणाली में संशोधन

प्रदेश के शहरी इलाकों में सड़कों, खाली पड़े स्थानों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, बुनियादी तथा अन्य जन सुविधाओं के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने अहम फैसला लिया है। कैबिनेट बैठक में शहरी क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए विकास शुल्क की संशोधित प्रणाली लागू करने और इससे जुड़ी नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास नियमावली-2014 (यथा संशोधित 2021) में बदलाव के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इस फैसले से शहरी विकास के लिए जरूरी वित्तीय संसाधन अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध हो सकेंगे। संशोधित विकास शुल्क प्रणाली से विकास प्राधिकरणों को अपनी विकास परियोजनाओं और अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्थायी वित्तीय संसाधन मिलते रहेंगे। इससे शहरी इलाकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और विस्तार को गति मिलेगी। इस फैसले से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही निर्माण व विकास गतिविधियों में तेजी आने से रोजगार सृजन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह निर्णय शहरों को बेहतर, व्यवस्थित और रहने योग्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## छह महीने में पूरा होगा पुराने रजिस्टर्ड दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन

उत्तर प्रदेश में उप निबंधक कार्यालयों में पंजीकृत पुराने दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2002 से 2017 तक पंजीकृत विलेखों की स्कैनिंग व इंडेक्सिंग की परियोजना अवधि को अगले 6 माह तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी गई है। यह परियोजना पहले ही अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और इसके लिए सरकार ने किसी अतिरिक्त बजट की आवश्यकता नहीं बताई है। इस योजना को पहले वर्ष 2022 में 95 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई थी। बाद में व्यावहारिक कारणों से इसमें देरी होने पर जुलाई 2024 में परियोजना की अवधि बढ़ाते हुए कुल लागत 123.62 करोड़ रुपये कर दी गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक इस योजना पर 109.05 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं और शेष कार्य उपलब्ध बजट में ही पूरा कर लिया जाएगा। प्रदेशभर में इस परियोजना के तहत इंडेक्सिंग का 99.11 प्रतिशत और स्कैनिंग का 98.37 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। अधिकांश जिलों में यह कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। फिलहाल एटा, वाराणसी, मुरादाबाद, मैनपुरी, लखनऊ, अलीगढ़, हाथरस, आगरा, सहारनपुर व प्रयागराज में कुछ कार्य शेष है, जिसे अगले 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा। डिजिटाइजेशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर दस्तावेज का दो स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है। पहले स्तर पर सहायक महानिरीक्षक निबंधन की ओर से जांच की जा रही है, जबकि दूसरे स्तर पर मंडलों और वृत्तों के उप महानिरीक्षक निबंधन की तरफ से पुनः परीक्षण किया जा रहा है। यह प्रक्रिया शत-प्रतिशत सत्यापन तक जारी रहेगी। पुराने दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन से कूटरचना व फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी और जमीन-जायदाद से जुड़े रिकॉर्ड पूरी तरह सुरक्षित हो सकेंगे।




## मेला, जादू शो और संगीत कार्यक्रम के विज्ञापन के लिए लेनी होगी अनुमति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में अब प्रतिबंधित प्लास्टिक पर विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगा सकेंगे। भवन या परिसर में विज्ञापन लगाने से पहले संरचरात्मक इंजीनियर से प्रमाणित करवाना होगा। मेला, जादू शो, संगीत समारोह जैसे अयोजनों का विज्ञापन लगाने के लिए अस्थाई लाइसेंस नगर निगमों से लेना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश नगर निगम (आकाश चिह्न और विज्ञापनों का विनियमन) नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई। इसके मुताबिक अब नगर निगमों द्वारा अधिकतम 12 साल के लिए विज्ञापन का लगाने का ठेका एजेंसियों को दिया जाएगा। शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर विज्ञापन सीमित संख्या में लगाए जाएंगे। विज्ञापन का ठेका देने के लिए नगर निगमों में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति बनाई जाएगी। नई नियमावली में नगर निगम क्षेत्रों में विज्ञापन एवं होर्डिंग की अनुमति, शुल्क निर्धारण और निगरानी की प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया है। अवैध, असुरक्षित और अनियमित होर्डिंग पर सख्त नियंत्रण किया जाएगा, जिससे आम जनता की सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारु हो सके। नियमावली लागू होने से विज्ञापनों से होने वाली आय से नगर निगमों के राजस्व में वृद्धि होगी और लोगों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे शहरी विकास कार्यों को गति मिलेगी। इसके साथ ही विज्ञापन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और डिजिटल माध्यमों व डिजिटल डिस्प्ले को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे संबंधित नगर निगम क्षेत्रों की सुंदरता में भी सुधार होगा।

नई नीति को प्रदेश के वन ट्रिलियन डालर इकोनामी के लक्ष्य से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार का मानना है कि विज्ञापन क्षेत्र में पारदर्शिता और निवेश बढ़ने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## स्वच्छ ऊर्जा भारत के विकसित भारत के विजन में गहराई से समाहित

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने आईआरएडीई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने गुरुवार को इंस्टीट्यूट फॉर रिसोर्सेज, एनर्जी एंड डेवलपमेंट (आईआरएडीई) में आयोजित सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन-ग्लोबल पर्सपेक्टिव विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा भारत के विकसित भारत के विजन में गहराई से अंतर्निहित है और यह अब केवल किसी एक क्षेत्र का एजेंडा नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, प्रतिस्पर्धात्मकता, सामाजिक समावेशन और ऊर्जा सुरक्षा का केंद्रीय आधार बन चुकी है।

डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक विकसित भारत स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास और टिकाऊ जीवनशैली पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद भारत के ऊर्जा संक्रमण से दो अहम सबक मिलते हैं। पहला, महत्वाकांक्षी लक्ष्य तभी विश्वसनीय बनते हैं जब उन्हें मजबूत संस्थागत ढांचे, सतत वित्तीय समर्थन और निरंतर क्रियान्वयन का साथ मिले; और दूसरा, ऊर्जा परिवर्तन तब स्थायी होता है जब उससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिले।

उन्होंने कहा कि भारत ने 2030 के लक्ष्य से पहले ही 2025 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है तथा सौर ऊर्जा में 100 गीगावाट की उपलब्धि अपेक्षा से कहीं पहले प्राप्त की है। पीएम-कुसुम योजना से किसानों को लाभ, पीएम सूर्य घर योजना से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत और सौर विनिर्माण व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से रोजगार सृजन इस बात के उदाहरण हैं कि डीकाबोर्नाइजेशन और विकास एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि वैश्विक दक्षिण के लिए ऊर्जा संक्रमण न्यायसंगत, समावेशी और विकास-उन्मुख होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत ने 2005 से 2020 के बीच अपने जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में लगभग 36 प्रतिशत की कमी की है और पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को 2030 से नौ वर्ष पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश बना है।

उन्होंने राष्ट्रीय सौर मिशन, राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति, राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी जैसे सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी पहलें ऊर्जा सुरक्षा, आयात में कमी और रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करती हैं। परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी से 2047 तक शून्य-कार्बन बेसलोड क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा के लाभ सीधे घरों तक पहुंच रहे हैं, जिससे उपभोक्ता ऊर्जा प्रणाली में सक्रिय भागीदार और उत्पादक बन रहे हैं। लगभग सार्वभौमिक विद्युतीकरण के बाद पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, ऊर्जा दक्षता मानक और उजाला एलईडी कार्यक्रम भारत की कम-कार्बन विकास रणनीति को मजबूती दे रहे हैं। लाइफ आंदोलन ने व्यवहार परिवर्तन के महत्व को भी रेखांकित किया है। उन्होंने पीएलआई योजना के तहत सौर पीवी मॉड्यूल के घरेलू विनिर्माण में तेज वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के माध्यम से भारत की वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

साथ ही, उन्होंने कहा कि कोयला निकट भविष्य में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भूमिका निभाता रहेगा, लेकिन भारत समानांतर रूप से उत्सर्जन घटाने और स्वच्छ विकल्पों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी तक पहुंच वैश्विक दक्षिण के लिए बड़ी चुनौती है और भारत लगातार समानता, जलवायु न्याय तथा पर्याप्त और सस्ती वित्तीय सहायता की वकालत करता रहा है।




## उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

- सीएम धामी ने उच्चस्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन, पर्यटन और उद्योग विभाग की योजनाओं की व्यापक समीक्षा



**देहरादून।** उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। सचिवालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने कृषि, पशुपालन, पर्यटन और उद्योग विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठकों के कार्यवृत्त अनिवार्य रूप से उन्नति पोर्टल पर अपलोड किए जाने के निर्देश भी दिए गए। सीएम धामी ने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। साथ ही आवंटित बजट का ठोस और मापनीय आउटकम जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। सरकार की जनोन्मुखी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र नागरिक अवसरों से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के माध्यम से योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाये, ताकि युवाओं और किसानों को स्वरोजगार के अधिकतम अवसर मिल सकें। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए विभागों को परिणाम आधारित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए।

सेब की अतिसघन बागवानी योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने लक्ष्य आधारित क्रियान्वयन और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए राज्य में कीवी उत्पादन को रणनीतिक रूप से बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने शहद उत्पादन को उत्तराखंड की बड़ी संभावनाओं वाला क्षेत्र बताते हुए हनी मिशन को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। राज्य में शहद का ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करने तथा बागवानी एवं मौन-पालन में सफल राज्यों के अध्ययन के लिए अधिकारियों और विशेषज्ञों की टीमें भेजने की बात भी कही। बैठक में बताया गया कि उत्तराखंड के 29 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, जिनमें 18 कृषि क्षेत्र से संबंधित हैं। चालू वर्ष में 25 और उत्पादों को जीआई टैग के लिए चिन्हित किया जाएगा। 134 करोड़ रुपये की लागत से लागू स्टेट मिलेट पॉलिसी के तहत मंडुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी और चीना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पर्यटन क्षेत्र में दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे योजना के तहत 780 होम स्टे स्थापित किए गए हैं, जबकि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना से एक हजार से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। वहीं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन क्षेत्र में 17,450 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अनियमितता की डीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। ग्राम विकास कार्यो में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढ़िगवस गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के विकास कार्यो में काफी अनियमितता बरती जा रही है। हैण्डपम्प रिबोर, इण्टरलाकिंग, नाली आदि कार्यो में अनियमितता से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत की जांच कराकर उचित वैधानिक कार्रवाई की मांग उठाई है।

## बीमा का चेक पाकर महिला का खिला चेहरा

प्रतापगढ़। बैंक से बीमा का चेक पाकर महिला का चेहरा खुशी से खिल उठा दिखा। विकासखण्ड सांगीपुर अर्न्तगत पूरे बक्शी राजमतीपुर गांव निवासी बुधराम सरोज की एक वर्ष पूर्व मौत हो गयी थी। वह एसबीआई सांगीपुर में खाताधारक था। उसका पीएम जेजेबीवाई योजना के तहत बीमा हुआ था। बुधराम सरोज की मौत के बाद बैंक शाखा प्रबंधक गौरव ओझा ने गुरूवार को मृतक आश्रित पत्नी संगीता को बैंक बुलाकर बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक सौंपा। इस दौरान जिपंस प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी भी मौजूद रहे। दो लाख रुपए बीमा का चेक पाकर संगीता के आंसू झलक पड़े। इस मौके पर बैंककर्मी विनय सिंह, हिमांशु, मीरा विष्ट, आरसी यादव, राजकुमार यादव व संजय कोरी आदि मौजूद रहे।

## युवती गायब, परिजन परेशान

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती संदिग्ध दशा में मंगलवार को गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का कहीं पता नही चला। थक हार कर परेशान परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी के अपहरण व धमकी को लेकर दस पर केस

प्रतापगढ़। किशोरी को अपहृत करने व परिवारीजनों के साथ गालीगलौज व जानलेवा धमकी देने की घटना को लेकर पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित लल्लू प्रसाद पुत्र निमरू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जनवरी को उसकी पुत्री गायब हो गयी। खोजबीन के बाद अगले दिन उसे बरामद किया गया। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री को रायबरेली जनपद के बरभनी, तिलोई फुरसतगंज निवासी पंकज पुत्र महादेव, तथा राजाराम व उनकी पत्नी कौशिल्या व पुत्री रिंकी तथा रामकिशन व उनकी पत्नी, पुत्र शिवा, रूपचंद व उसके पुत्र रामखेलावन, रेनू पत्नी सूरज, बहला फुसलाकर साथ ले गये थे। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपीगण गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डीएम - एसपी ने किया महोत्सव का शुभारंभ




जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर । जनपद में सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 के दूसरे दिन करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल एवं सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल ने द्वीप प्रज्जवलित कर तथा मॉ सरस्वती एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। राजकीय इण्टर कालेज तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर के छात्राओ ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया।

करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 ने कहा कि बच्चों को आई0ए0एस0, पी0सी0एस0, एस0एस0सी0 आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी नहीं होती है कि वह अपने कैरियर का चुनाव कर सकें। कैरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अपने कैरियर का चुनाव करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा आप लोग सिविल सर्विस, नीट, इंजीनियरिंग की तैयारी कर अपना कैरियर बना सकते हैं। आज कैरियर काउंसलिंग में ध्येय आई0ए0एस0, आकाश कोचिंग, एलेन टीम, कैरियर बेल की टीम द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं को क्रैक करने के बारे में जानकारी दिया जा रहा है जिसके माध्यम से तैयारी कर अपने लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सिविल सर्विस की तैयारी करने से पहले अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें। सिलेबस के अनुसार कड़ी मेहनत कर पढ़ाई करें। सभी लोगों के अन्दर अनुशासन व संस्कार आवश्यक है। अपने माता पिता का सम्मान करें। किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए अच्छा इंसान बनना जरूरी है। अपने दिमाग को आराम देने के लिए योगा करें। आपके व्यक्तित्व में गरीबों की मदद, न्याय की भावना होनी चाहिए। आप लोग करियर काउंसलिंग फेयर के आयोजन का लाभ उठाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर आगे बढ़ें। सभी को शुभकामनायें दी। करियर काउंसलिंग के सफलतापूर्वक आयोजन कराने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल को बधाई दिया गया। एसएसपी डॉ0 अभिषेक महाजन ने कहा कि विभिन्न संस्थानों के काउंसलरों द्वारा आई0ए0एस0, पी0सी0एस0, एस0एस0सी0, नीट, इंजीनियरिंग की परीक्षाओं के बारे में बताया जा रहा है। उन्होने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि आप सभी अपने वर्तमान पर अपना फोकस करें भविष्य के बारे में चिंता न करें। हमे जो भी प्राप्त करना है उसके लिए लक्ष्य पूर्व से निर्धारित होना चाहिए। अपना प्लान तैयार कर, लक्ष्य बनाकर तैयारी करे। आप मेहनत करे अच्छी कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। कोई भी परीक्षा पास करना असम्भव नहीं है। मोबाइल फोन का प्रयोग केवल पढ़ाई के लिए करें। सोशल मिडिया, रील से दूर रहें। आपके जो दोस्त हो वह पढ़ाई करने वाले हों। बिना अलार्म के सुबह उठने की आदत डालें। एन0सी0आर0टी0 की बुक पढ़े तथा स्नातक में जिस विषय की पढ़ायी करें उससे सम्बंधित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें। सकते है।

## कपिलवस्तु महोत्सव में छाया स्वाती मिश्रा के भजनों का जादू



सिद्धार्थनगर- कपिलवस्तु महोत्सव 2026 के पहले दिन भक्ति, उल्लास और उत्साह का माहौल रहा। प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्रा ने संस्कृत मंच पर अपनी प्रस्तुति से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 28 जनवरी की रात करीब 9 बजे स्वाती मिश्रा के मंच पर पहुंचते ही पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा।महोत्सव से पहले दैनिक भास्कर से हुई बातचीत में स्वाती मिश्रा ने सिद्धार्थनगर के प्रति अपना विशेष लगाव व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह धरती उन्हें हमेशा अपनापन और प्यार देती है। स्वाती मिश्रा ने दर्शकों की उत्सुकता और ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि यह किसी भी कलाकार को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।स्वाती मिश्रा ने संस्कृत मंच पर अपनी प्रस्तुति को बेहद खास बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि उनकी टीम ने साउंड चेक के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा था। उनके अनुसार, ऐसे मंच पर प्रदर्शन करना किसी भी कलाकार के लिए गर्व और आनंद का क्षण होता है, क्योंकि भक्ति संगीत का यह माहौल कलाकार और श्रोता के बीच एक विशेष संबंध स्थापित करता है। सिद्धार्थनगर के दर्शकों से अपनी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर स्वाती मिश्रा ने विनम्रतापूर्वक कहा कि उन्हें यहां के लोगों से पहले ही बहुत कुछ मिल चुका है, इसलिए उनकी कोई विशेष अपेक्षा नहीं है। उन्होंने प्रभु से प्रार्थना की कि यहां के लोगों के दिलों में हमेशा प्रेम, स्नेह और भक्ति भाव बना रहे। दैनिक भास्कर द्वारा उनके प्रदर्शन में किसी विशेष सरप्राइज के बारे में पूछे जाने पर, स्वाती मिश्रा ने मुस्कुराते हुए कहा कि पूरा कार्यक्रम ही सरप्राइज से भरा है, जिसे दर्शक मंच पर स्वयं अनुभव करेंगे।

## विधान परिषद सदस्य ने बाटे कंबल



श्रावस्ती। मौसम में बदलाव एवं शीतलहर को देखते हुए जनपद के तहसील भिनगा सभागार में विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र ने कमजोर वर्ग, निराश्रित, दिव्यांगजन एवं जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज ने की, जबकि संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी साकेत मिश्र ने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शीतलहर से किसी भी नागरिक को नुकसान न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए जा रहे हैं। आमजन को आपदा से बचाव हेतु सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, जो जनसहयोग से ही सफल हो पा रहे हैं। उपजिलाधिकारी आशीष भारद्वाज ने बताया कि तहसील भिनगा क्षेत्र में निरंतर कंबल वितरण के साथ-साथ अलाव व्यवस्था भी कराई जा रही है तथा ठंड को देखते हुए बचाव कार्य आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में तहसीलदार जागृति सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा, महामंत्री दिवाकर शुक्ल, आर.के. अफरोज, लेखपाल जयंत कुमार, अमित शुक्ला, राकेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, योगेन्द्र प्रसाद मिश्र, राहुल शुक्ल एवं आपदा मित्र राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रिश्वतखोरी के आरोप, एफआईआर के बावजूद डॉ. त्रिपाठी बने नोडल अफसर

- तत्कालीन सीएमओ ने दर्ज कराई थी एफआई, वर्तमान सीएमओ ने फिर दी जिम्मेदारी

सिद्धार्थनगर- स्वास्थ्य विभाग में नैदानिक स्थापना (निजी अस्पताल) के पटल आवंटन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सितंबर 2023 में रिश्वत के लेन-देन से जुड़े वीडियो सामने आने, मुकदमा दर्ज होने और आरोपों की पुष्टि के बावजूद डॉ. एमएम त्रिपाठी को दोबारा नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंप दी गई है यह मामला तब प्रकाश में आया था जब सितंबर 2023 में डॉ. एमएम त्रिपाठी, जो नैदानिक स्थापना और पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी थे, पर निजी अस्पतालों के पंजीकरण और नवीनीकरण के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगा। मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के एएच हॉस्पिटल से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे अस्पताल प्रबंधक ने सार्वजनिक किया था। इस वीडियो में रुपये के लेन-देन को लेकर बातचीत स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती थी। वीडियो सामने आने के बाद तत्कालीन सीएमओ डॉ. विनोद कुमार अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. एमएम त्रिपाठी, फार्मासिस्ट रंजीत कुमार और डॉ. बीएन चतुवेर्दी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके परिणामस्वरूप, 5 सितंबर 2023 को डॉ. एमएम त्रिपाठी को नैदानिक स्थापना के पटल से हटा दिया गया था। तत्कालीन जिलाधिकारी ने भी इस पूरे प्रकरण की जांच कराई थी, जिसमें आरोपों की पुष्टि होने की बात सामने आई। जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन को कार्रवाई के लिए पत्र भी भेजा गया था। हालांकि, लगभग तीन साल बीत जाने के बाद भी शासन स्तर से इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ और आरोपी अधिकारी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फाइलें अब भी शासन में लंबित हैं। इसी बीच, 23 दिसंबर 2025 को वर्तमान सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने आदेश जारी कर डॉ. एमएम त्रिपाठी को फिर से नैदानिक स्थापना (निजी अस्पताल) का नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया। यह वही पटल है जिस पर रहते हुए उन पर पहले रुपये के लेन-देन का आरोप लगा था।




## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को पास कराये जाने की उठायी आवाज



प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मुहिम को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले गुरूवार को यहां अधिवक्ताओ ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर न्याय भवन परिसर में आम सभा हुई। आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मांग उठाई है कि सरकार का बजट पेश होने के बाद अगला विधेयक संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का लाया जाना चाहिए। महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि यदि सरकार इस सत्र में यह विधेयक पारित नही कराती तो एसोसिएसन प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज करेगा। आम सभा की अध्यक्षता सिविल बार एसोसिएसन के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पाण्डेय व संचालन अधिवक्ता अरविन्द त्रिपाठी पंकज ने किया। इस मौके पर दि बार एसोसिएसन के अध्यक्ष बीपी मौर्या, शीतला प्रसाद यादव, सोमनाथ मिश्र, सुनील श्रीवास्तव, पुष्पेष पाण्डेय, दिनेश तिवारी, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे। आमसभा का संयोजन एसोसिएसन की तहसील इकाई अध्यक्ष वैभव पाण्डेय ने किया।

## यूजीसी के नये नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक मोदी सरकार पर तमाचा : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने यूजीसी के नए नियमों इक्विटी रेगुलेशन 2026 पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने के अंतरिम निर्णय को स्वागत योग्य कहा है। उन्होने कहा कि इस अंतरिम रोक से यह स्पष्ट हो गया है कि विशेषज्ञों एवं स्कालर्स की एक समिति बने और तब तक यूजीसी के पुराने नियम ही लागू रहेंगे। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा सरकार बांटो और राज करो की तर्ज पर अंग्रेजी हुकूमत की तरह काम कर रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा देश की जनता का ध्यान मंहगाई, बेरोजगारी, डीजल-पेट्रोल व रसोई गैस की बढ़ती कीमतो से ध्यान हटाने के लिए यह सरकार जाति, धर्म, वर्ग और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बॉटकर सत्ता में बने रहना चाहती है। सासंद प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर तगड़ा तंज कसा कि इसके डीएनए में अंग्रेजों का जहर चला गया है। उन्होने कहा कि पिछले लगभग ग्यारह सालों से मोदी सरकार जाति और धर्म के नाम पर लोगों में नफरत फैला रही है। उन्होने कहा कि भाजपा जब से सत्ता में आयी है संविधान की शपथ लेकर संविधान की हत्या कर रही है। उन्होने कहा कि जुमले के तौर पर पीएम मोदी के द्वारा फेंके गये पन्द्रह लाख रुपए को जनता भूल जाय और जनता में इतना भ्रम फैला दिया जाय कि वे सभी मुद्दे भूल जायं।

## विद्यालय परिसर में मरणासन्न मिली महिला, पति गिरफ्तार



प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परिसर में महिला के मरणासन्न मिलने की घटना से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मरणासन्न लहूलुहान महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। वहीं घटना की छानबीन में पुलिस पति द्वारा वारदात को अंजाम दिये जाने का दावा कर रही है। पति को गिरफ्तार कर पुलिस पूछतांछ में जुटी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे मीतन जगन्नाथपुर में गुरूवार की सुबह शिक्षक मनोज वर्मा ने विद्यालय का ताला खोला तो परिसर में एक महिला को मरणासन्न लहूलुहान पड़े देख आवाक रह गया। उसने इसकी सूचना प्रधान व पुलिस को दी। पुलिस की छानबीन में महिला के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे चिरंजीव धनगढ़ गांव की निशा सरोज 22 पुत्री मेवालाल सरोज के रूप में हुई। पुलिस घायल महिला को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले आयी। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल महिला को सरकारी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। इधर घटना की छानबीन में जुटी पुलिस महिला के पति को गिरफ्तार कर पूछतांछ कर रही है। सीओ आशुतोष मिश्र ने बताया कि महिला का पति से विवाद चल रहा है। कई माह से वह मायके में रह रही थी। छानबीन में पति द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की बात सामने आ रही है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर पूछतांछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रम उपायुक्त ने गोआश्रय केंद्र का किया निरीक्षण



प्रतापगढ़। विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत गोआश्रय केन्द्र पहुंचकर श्रम उपायुक्त ने निरीक्षण किया। विकासखण्ड के मुस्तफाबाद में गोआश्रय केंद्र का निरीक्षण करने गुरूवार को दोपहर करीब दो बजे श्रम उपायुक्त जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह व खण्ड विकास अधिकारी विपुल कुमार श्रीवास्तव के साथ पहुंचे। श्रम उपायुक्त ने गोआश्रय केंद्र में मौजूद एक सौ बीस गोवंश की देखरेख, रखरखाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद पूर्व जिपंस महेन्द्र सिंह ने नवनिर्मित गोआश्रय केंद्र में अन्य सुविधाओं की मांग की। इस मौके पर जेई मनरेगा रमेशचंद्र शुक्ल, धीरेन्द्र गौतम, प्रभाकर सिंह चौहान, कन्हैया लाल सरोज, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पांच सूत्रीय मांगों पर आंगनबाड़ी का धरना



श्रावस्ती। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित धरना स्थल पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। धरना दे रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की प्रमुख मांगों में उन्हें पूर्णकालिक कर्मचारी का दर्जा देने, नियमित वेतनमान, पेंशन तथा सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग शामिल रही। इसके साथ ही पोषण ट्रैकर एवं अन्य ऑनलाइन कार्यों के लिए मोबाइल फोन, डाटा तथा पीएलआई भत्ता प्रदान किए जाने की भी मांग उठाई गई। जिला अध्यक्ष माया जायसवाल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का मानदेय 24000 रुपये से कम नहीं होना चाहिए। साथ ही पदोन्नति की आयु-सीमा 45 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए तथा अन्य विभागों के कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों से न कराए जाएं। कार्यकर्त्री विमला वर्मा ने कहा कि कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए स्मार्ट फोन एवं रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। धरने में माया जायसवाल, किरण वर्मा, विमला वर्मा, मधु मालती सहित संगठन की अन्य पदाधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहीं।

## कच्ची शराब बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिरसिया पुलिस को सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तुओं की चेकिंग तथा अपराध रोकथाम के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम विशुनापुर लोहाटी जाने वाली सड़क पर पहुंची, जहां से अभियुक्त रक्षाराम पुत्र पदारथ, निवासी लोनियन पुरवा, थाना सिरसिया, जनपद श्रावस्ती को 9.5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सिरसिया पर मुअसं 20/2026, धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## मारपीट की घटना को लेकर दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के भुरकुसुवापुर देउम पश्चिम गांव की सुधा वर्मा पुत्री हरिशंकर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के पड़ोसी के घर के पास से आने जाने का आम रास्ता है। लेकिन मामले में रास्ते के विवाद को लेकर वाद भी दायर है।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का होगा भव्य आयोजन



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में जनकल्याण और लोकहित की भावना को सशक्त रूप देने के उद्देश्य से गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्राझ6.0 के अंतर्गत तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन छह फरवरी से किया जाएगा। यह आयोजन समाजसेवा के प्रति समर्पण और मानवता के भाव को मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को भिनगा स्थित जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विस्तृत जानकारी दी गई। किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ के विभागाध्यक्ष डा. संदीप तिवारी ने बताया कि यह स्वास्थ्य यात्रा नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य आमजन को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस पहल में संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना प्रमुख रूप से दिखाई देती है। डा. तिवारी ने जानकारी दी कि छह, सात और आठ फरवरी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। छह फरवरी को जमुनहा एवं हरिहरपुररानी ब्लॉक के 20 गांवों में शिविर आयोजित होंगे, जहां ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श मिलेगा। सात फरवरी को सीमावर्ती सिरसिया ब्लॉक के 20 गांवों में यह यात्रा पहुंचेगी, जिससे सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। आठ फरवरी को भिनगा नगर में आयोजित होने वाला मेगा स्वास्थ्य शिविर इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा। इस शिविर में 175 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देंगे। रोग निदान के साथ आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क दी जाएंगी, जिससे विश्वास और सहयोग की भावना और मजबूत होगी। डा. तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित यात्रा में 48 हजार 866 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। यह आंकड़ा इस अभियान की प्रभावशीलता, पारदर्शिता और व्यापक सहभागिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा समाज में करुणा, निष्ठा और अनुशासन जैसे मूल्यों को बढ़ावा देती है। मेगा शिविर में प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण तथा महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। प्रेस वार्ता में डा. कृतिका, प्रिंस प्रताप सिंह, अजय मिश्र, जिला कार्यवाह दिवाकर, जिला प्रचारक भानु प्रकाश, शिविर व्यवस्था प्रमुख सुभाष सत्या और बलविंदर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस आयोजन को प्रेरणादायी और दूरदर्शी पहल बताया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 किशुना देवी | व्या० भूखण्ड सं० डी०-102 विभूति खण्ड | गोमती नगर योजना | 21.05.2010 | 1. श्री रमेश चन्द्र गुप्ता, 2. श्री दिनेश चन्द्र, 3. श्रीमती सुषमा, 4. श्री सौरभ जायसवाल, 5. श्रीमती सविता देवी, 6. श्री कृतार्थ जायसवाल | - | पुत्र, पुत्र, पुत्रवधु पौत्र, पुत्रवधु, पौत्र |
| 2. | श्रीमती बसन्ती देवी | दुकान सं०-ए-28 | विवेक खण्ड गोमती नगर योजना | 11.06.2019 | 1. श्री एच लाल, 2. श्री अभिज्ञान नरवारिया, 3. श्री अभियश नरवरिया | 1. श्रीमती अनिका नरवरिया (विवाहित पुत्री) | पति, पुत्र, पुत्र |
| 3. | श्री अनन्त प्रसाद श्रीवास्तव | नर्सिंग होम भूखण्ड सं०-NH2-A | विपुल खण्ड गोमती नगर योजना | 19.11.2014 | 1. श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव, 2. श्री सौरभ श्रीवास्तव 3. श्री शिखर श्रीवास्तव, 4. श्रीमती जुही माथुर | - | पत्नी, पुत्र, पुत्र, पुत्रवधु |
| 4. | श्री केवलानन्द लोहनी (के०एन० लोहनी) | भवन सं०-सी०-4/4 | नैपियर रोड कालोनी पार्ट-2 | 07.12.2003 | श्री हेम चन्द्र लोहनी | श्री हरीश चन्द्र लोहनी, श्री भूषण चन्द्र लोहनी, श्री विजय कुमार लोहनी, श्रीमती उमा जोशी | पुत्र, पुत्र, पुत्र, पुत्र, विवाहित पुत्री |
| 5. | गीता पन्त | भूखण्ड सं०-D-1/299 सेक्टर ओ, मानसरोवर | कानपुर रोड | 06.05.2021 | अमित कुमार जोशी | - | दत्तक पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एआई में नवाचार जरूरी : शर्मा

- नाइलिट गोरखपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ
- लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है एआई व क्लाउड कंप्यूटिंग : केशरी अस्थाना

जिला संवाददाता



**गोरखपुर।** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- नाइलिट) गोरखपुर के तत्वावधान में कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स व डिजिटल टेक्नोलॉजीज पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ गुरुवार को महानगर के रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में हुआ। सेवानिवृत्त आईएएस व सदस्य, सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड अलकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा नवाचार-आधारित अनुसंधान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये तत्व समावेशी विकास को गति देने एवं भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच सशक्त सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. एम. एम. त्रिपाठी, महानिदेशक, नाइलिट एवं कुलपति, नाइलिट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, ने सभी विशिष्ट अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों, शोधकताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। स्वागत संबोधन में उन्होंने नाइलिट की डिजिटल कौशल विकास, उच्च शिक्षा एवं उन्नत शोध के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि नवाचार, अंतःविषयक अनुसंधान तथा उद्योगझशैक्षणिक सहयोग को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में नवीनतम शोध, नवाचार और भावी संभावनाओं पर विचार-विमर्श हेतु शोधकताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं एवं विद्यार्थियों को एक साझा वैश्विक मंच प्रदान करता है।

इस अवसर पर केशरी के. अस्थाना, सीटीओ, पब्लिक सेक्टर, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उभरती प्रौद्योगिकियों को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी तकनीकों का प्रभाव गोरखपुर जैसे उभरते क्षेत्रों के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। डॉ. त्रिप्ता ठाकुर, कुलपति, उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन छात्रों और शोधकताओं को उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ जुड़ने और उद्योग-अकादमिक सहयोग के अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. नीरजा गुप्ता, कुलपति, गुजरात विश्वविद्यालय ने उभरती तकनीकों के राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्चा को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एआई संचालित समाधान आधुनिक रक्षा प्रणालियों में रणनीतिक क्षमताओं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को सशक्त बना सकते हैं। सुशील पाल, संयुक्त सचिव, आइएसएम मेइटी ने सीटूएस प्रोजेक्ट, सेमीकंडक्टर क्षेत्र और उद्योग के लिए तैयार मानव संसाधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन जैसी पहल नवाचार को बढ़ावा देने और सेमीकंडक्टर एवं अन्य तकनीकी क्षेत्रों में कुशल पेशेवर तैयार करने में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। 500 से अधिक विद्वानों व शोधकताओं की सहभागिता

सम्मेलन में शिक्षा, शासन एवं उद्योग जगत की अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों एवं विशिष्टजन की उपस्थिति रही। इनमें प्रमुख रूप से प्रो. के. जी. उपाध्याय, लोकपाल, नाइलिट डीम्ड यूनिवर्सिटी; प्रो. श्रीनिवास सिंह, निदेशक, अटल बिहारी वाजपेयीझभारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर, डॉ. निरजा गुप्ता, कुलपति, गुजरात विश्वविद्यालय, प्रो. अनु सिंह लाथर, कुलपति, आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, तुलिका पांडे, समूह समन्वयक मेइटी, प्रो. मोहम्मद रिहान, महानिदेशक, राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, निदेशक, एनसीईआरटी, श्वेता खुराना, सीनियर डायरेक्टर, इंटेल कॉरपोरेशन आदि शामिल हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश एवं विदेशों से 500 से अधिक शोधकताओं एवं लेखकों ने सहभागिता की है।

सम्मेलन के दौरान तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुतियाँ, मुख्य व्याख्यान, पैनल चचाएँ तथा विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अगली पीढ़ी की संचार प्रणालियाँ, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल परिवर्तन जैसे उभरते विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. डी. के. मिश्रा, निदेशक, नाइलिट गोरखपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

थीमेटिक स्टॉल बढ़ा रहे सम्मेलन का आकर्षण

सम्मेलन के अंतर्गत देशभर के नाइलिट केंद्रों द्वारा साइबर सुरक्षा, वीएलएसआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों पर आधारित विभिन्न थीमेटिक स्टॉल प्रदर्शित किए गए। इसके साथ ही डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु ड्रोन प्रौद्योगिकी, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्टार्ट-अप कंपनियों ने अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया, जिसे आगंतुकों द्वारा विशेष सराहना मिली।

## बेटियां मन लगाकर करें पढ़ाई, छुएं बुलंदियां : अरुण गुप्ता




इटावा। महोत्सव पंडाल में 29 दिसंबर को आयोजित हुए घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमों की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनीता गुप्ता ने छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सिंचाई विभाग के प्रशासनिक भवन सभागार में पुरस्कार वितरण के दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि आज उन्हें बेटियों को सम्मान प्रदान करते हुए जो खुशी का अनुभव हो रहा है बयां करना आसान नहीं है। कहा कि पहली बार जब अपनी बेटी के मेडल और प्रमाण पत्र लेकर घर आने पर जो खुशी हुई थी, उसकी यादें फिर से ताजा हो गईं। उन्होंने बेटियों को मन लगाकर पढ़ाई करें जिससे वह बुलंदियों को छू सकें। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनीता गुप्ता ने कहा कि बेटियां घर की रौनक होती हैं, उन्हें बड़े नाजो के साथ पाला जाता है। उनके नखरे तक उठाने पड़ते हैं, लेकिन जब बेटी मान सम्मान बढ़ाने जैसा कार्य करती है और पुरस्कृत होती है तो बहुत खुशी होती है। संयोजक डा. ज्योति वर्मा ने अतिथियों का शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को भाजपा नेता वासु चैधरी, विद्यार्थी परिषद नेता अभिषेक मिश्रा, शिक्षिकाओं में नीलू त्रिपाठी, सपना चैधरी, नीलम व जसप्रीत कौर ने भी संबोधित किया।

## मंत्री ने जी राम जी अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया



इटावा। सैफई के ग्राम पंचायत बरौलीकला में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति द्वारा नरेन्द्र मोदी मिनी स्टेडियम, सचिवालय, डिजिटल लाइब्रेरी एवं विकसित भारत जी-रामजी अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया गया। मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा आमजन की कल्पना से ऊपर जैसे गाँव में लाइब्रेरी, स्टेडियम, अन्नपूर्णा भवन बनाने आदि के कार्य प्रदेश में कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता द्वारा दिए गए टैक्स आदि के पैसो को व्यर्थ कार्यों में खर्च करने से रोका एवं उस धनराशि से जनता के हित के लिए कई विकास के कार्यों को कराया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हित के लिए कार्य करती है एवं निरंतर परिश्रम करती है इसलिए देश की जनता उन्हें पसंद करती है। उन्होंने कहा कि पहले गांव में पंचायत जमीन पर फर्श बिछाकर कि जाती थी परंतु अब सरकार द्वारा गांव में पंचायत भवन बनवाए गए हैं। उन्होंने उपस्थित सभी आमजन से कहा कि भले ही खर्चे में थोड़ी कटौती करें लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाएं जिससे वह पढ़ लिखकर रोजगार प्राप्त कर सकें। मंत्री द्वारा बीजेपी पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा प्राप्त फंड का अधिक से अधिक उपयोग कर कई ग्राम पंचायतों के लिए विकास के कार्य किये गये हैं एवं अन्य विकास के कार्य किये जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए, उन्हें विद्यालय अवश्य भेजा जाए, जिससे वह पढ़ लिख सकें। उन्होंने कहा कि गांव में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, सब मिलकर कार्य करें, जिससे गांव स्वच्छ रहे। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में 721.40 करोड़ की सीवरेज परियोजना को मंजूरी, 17 वार्डों को सीधा लाभ

## अमृत-2.0 के तहत 17 वार्डों की 1.95 लाख से अधिक आबादी को होगी सुविधा

- केंद्र, राज्य व निकाय की संयुक्त भागीदारी से सुनिश्चित होगा विकास

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2.0) के अंतर्गत गोरखपुर जिले में बड़ी सीवरेज परियोजना को मंजूरी मिली है। गुरुवार को कैबिनेट ने गोरखपुर में सीवरेज योजना जोन-ए-3 से संबंधित 721.40 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी। यह परियोजना नगर निगम क्षेत्र में सीवेज प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

परियोजना से 17 वार्डों की 1.95 लाख से अधिक आबादी को सीवेज सुविधा का लाभ मिलेगा। इस फैसले को शहरी आधारभूत संरचना को व्यवस्थित व टिकाऊ बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस स्वीकृत लागत में जीएसटी व सेंटेज की रकम भी शामिल है।

सेंटेज की समस्त धनराशि का वहन करेगी राज्य सरकार

नगर निगम गोरखपुर की इस परियोजना की कुल अनुमोदित लागत 721.40 करोड़ रुपये है, जिसमें 27.28 करोड़ रुपये सेंटेज शामिल है। परियोजना की लागत में भारत सरकार का अंश 231.35 करोड़ रुपये, राज्य सरकार का अंश 435.00 करोड़ रुपये तथा निकाय का अंश 27.76 करोड़ रुपये निर्धारित है। सेंटेज की समस्त धनराशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। केंद्र और राज्य की साझेदारी से इस नगरीय विकास योजना को गति मिलेगी, जो एक अनुकरणीय उदाहरण है।

17 वार्डों की आबादी को मिलेगा सीधा लाभ

परियोजना के क्रियान्वयन के बाद नगर निगम क्षेत्र के 17 वार्डों से निकलने वाले सीवेज का शोधित निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए 43,604 गृह संयोजनों के माध्यम से 1,95,947 जनसंख्या को सीधा लाभ मिलेगा। यह योजना शहर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर शहरी जीवन स्तर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# राजकीय हाई स्कूल कोल्हुई में वार्षिकोत्सव की धूम

## मेधावी बच्चों व अभिभावकों को किया गया सम्मानित




पिपरौली, गोरखपुर। क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल कोल्हुई में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 6बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं सहयोगी अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने गीत, नाटक, समूह गान एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह की खूब तालियां बटोरीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में सामाजिक संदेश और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक साफ दिखाई दी।

मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि मनीष पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना का विकास होता है, इसलिए विद्यालयों में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करती हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम में दुर्गेश कुमार सिंह, पूनम यादव, चंद्रशेखर सहित विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## बाजारों में चला अतिक्रमण अभियान



जसवंतनगर, इटावा। नगर में लगातार बनी जाम की समस्या और दुकानदारों द्वारा सड़क पर आगे बढ़कर सामान रखने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बस स्टैंड चैराहे से लुधपुरा तिराहे तक सीओ आयुषी सिंह के नेतृत्व में अभियान संचालित किया गया। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, सदर बाजार, मंडी, सरार्फा बाजार और महिला बाजार में पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के निर्देश दिए। सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़े दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई करते हुए करीब दो दर्जन वाहनों के चालान किए गए। अभियान के चलते कुछ समय के लिए बाजार में अफरा-तफरी भी देखने को मिली। इसके साथ ही सरार्फा बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई। कई स्थानों पर कैमरे खराब पाए गए, जिन्हें शीघ्र ठीक कराने के लिए संबंधित दुकानदारों को निर्देश दिए गए। सीओ ने कहा कि जाम और अतिक्रमण की समस्या से राहत दिलाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे व दुकान दारों को चेतावनी दी इस दौरान सिटी इंचार्ज मनीष कुमार, मंडी चैकी इंचार्ज कृष्ण कुमार, उपनिरीक्षक शुभम वर्मा सहित दो दर्जन कांस्टेबल मौजूद रहे।

## बांसगांव में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

बांसगांव, गोरखपुर। दीवानी कचहरी बांसगांव के अधिवक्ताओं ने सोमवार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशवंत सिंह श्रीनेत के नेतृत्व में जुलूस निकालकर यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के कथित जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील के मुख्य चौराहे पर यूजीसी का पुतला फूंका और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं का कहना था कि यूजीसी की नीतियां उच्च शिक्षा और शिक्षकों के हितों के खिलाफ हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि सरकार तत्काल इन निर्णयों को वापस ले और शिक्षा जगत से जुड़े सभी पक्षों से संवाद कर उचित समाधान निकाले। इस दौरान अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण विनोद सिंह गौतम, लव सिंह, राजेश सिंह, राजू सिंह, कुमारी रमा, मांधाता सिंह, अवधेश सिंह, आदित्य धर दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# रोड कनेक्टिविटी से भी बढ़ेगा आयुष चिकित्सा का क्रेज

- भटहट से बांसस्थान तक करीब बारह किमी लंबे फोरलेन मार्ग का कार्य अंतिम चरण में
- इसी मार्ग पर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय बनवाया है योगी सरकार ने
- 689.35 करोड़ रुपये के इस फोरलेन प्रोजेक्ट में 95 प्रतिशत काम पूरा, मार्च अंत तक लोकार्पण की तैयारी

जिला संवाददाता



गोरखपुर। योगी सरकार द्वारा गोरखपुर को दी गई आयुष विश्वविद्यालय की सौगात को अब शानदार रोड कनेक्टिविटी का भी साथ मिलने जा रहा है। इस विश्वविद्यालय के क्रियाशील होने के बाद बिना साइड इफेक्ट वाली आयुष चिकित्सा के प्रति आमजन का रुझान बढ़ रहा है। अब, इस आयुष विश्वविद्यालय आने-जाने के लिए लोगों को फोरलेन सड़क की सुविधा मिल जाएगी। चिकित्सा सेवा के लिए सुगम आवागमन से आयुष चिकित्सा का क्रेज और भी बढ़ेगा।

प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण भटहट के पिपरी में कराया गया है। यह विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस विश्वविद्यालय का विजन तय करने के साथ ही सीएम ने यहां तक पहुंच आसान बनाने के लिए रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की मंशा जताई थी। इसके अनुरूप ही भटहट से बांसस्थान तक 11.60 किमी की लंबाई में फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग खंड तीन से मिली जानकारी के अनुसार 689.35 करोड़ रुपये की इस फोरलेन सड़क परियोजना पर कार्य 24 मार्च 2023 को शुरू हुआ था। अब तक की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत से अधिक है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मार्च माह के अंत तक सभी कार्य पूर्ण करते हुए इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया जाना प्रस्तावित है। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा का कहना है कि फोरलेन के रूप में सड़क बेहतर होने से इस क्षेत्र में आयुष चिकित्सा का क्रेज बढ़ेगा। न केवल स्थानीय लोग बल्कि बिहार और नेपाल से आने वाले मरीज भी आयुर्वेद और योग चिकित्सा के लिए आसानी से आयुष विश्वविद्यालय पहुंच सकेंगे।

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

गोरखपुर।मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (सीएम डैशबोर्ड) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक दीपक सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि देवरिया, महराजगंज एवं कुशीनगर जनपदों के जिलाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े रहे। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित रैंकिंग, फीडबैक एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किया जाए।

## सिंचाई संघ भवन में संयुक्त परिषद की बैठक



इटावा। राज कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सिंचाई संघ भवन पर परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में की गई जिसमें इटावा के जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह का जो रिश्वत लेते हुए वायरल वीडियो के संबंध में चर्चा हुई जिस संबंध में बताया गया कि इनके द्वारा इनकी तैनाती से लेकर आज तक ग्राम पंचायत सचिव एवं सफाई कर्मियों का लगातार उत्पीड़न ही किया जा रहा है इनके द्वारा अपने कार्यकाल में जनपद के कई सचिवों एवं सफाई कर्मचारियों का निलंबन किया गया फिर भारी धन उगाही करके उनको अन अंतिम एवं पूर्ण रूप से बहाल भी किया गया इनके द्वारा अपने ऑफिस के कंप्यूटर में सचिवों के लिए 15 बिंदु तथा सफाई कर्मचारियों के लिए 8 बिंदुओं का नोटिस बनाकर रखा गया है इस 4 साल के कार्यकाल में यह जिन पंचायतो मैं गए वहां जांच के नाम पर नोटिस जारी करके आए और कई सचिवों व सफाई कर्मचारियों से भारी धन उगाही की गई है उनके भ्रष्टाचार से परेशान होकर ग्राम पंचायत सचिवों एवं सफाई कर्मियों द्वारा कई बार इनके खिलाफ धरना प्रदर्शन भी किया गया लेकिन उच्च अधिकारियों ने उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण सभी कर्मचारी दबाव में आकर इस प्रकार इनकी मनमर्जी के अनुसार कार्य करने को मजबूर हो गए और लाखों रुपए इनकी इच्छा अनुसार उनकी लड़की की शादी के समय तो कभी उच्च अधिकारियों के नाम पर कभी होली दिवाली तो कभी मंत्री जी के आने के नाम पर वसूली की जाती रही हैं पंचायत के आवंटन और ट्रांसफर के नाम पर कर्मचारियों से इनके द्वारा लाखों रुपए की वसूली की गई है।

# यूपीयूएमएस ने इटावा में स्वास्थ्य शिविर लगाया

इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई के फिजियोलॉजी विभाग ने इटावा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। माननीय कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में आयोजित इस शिविर में लगभग 150 छात्राओं को डिजिटल आई स्ट्रेन और दृष्टि सुरक्षा पर विशेषज्ञ परामर्श मिला। यह शिविर वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण विद्यार्थियों में बढ़ती दृष्टि संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल आई स्ट्रेन के दुष्प्रभावों और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने डिजिटल आई स्ट्रेन के लक्षणों, अत्यधिक स्क्रीन टाइम से होने वाली समस्याओं जैसे आंखों की थकान, सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना और संभावित दृष्टि ह्रास पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 20-20-20 नियम, उचित प्रकाश व्यवस्था, सही स्क्रीन दूरी, सीमित स्क्रीन उपयोग और नियमित नेत्र परीक्षण जैसी प्रभावी सावधानियों के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कांत सिंह के साथ डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. राज कमल मौर्य, डॉ. गोविंद यादव, डॉ. आस्था सिंह, डॉ. अनुभव कुमार और डॉ. अपराजिता मिश्रा शामिल थे। उन्होंने छात्राओं को दैनिक जीवन में आंखों की स्वच्छता और सुरक्षा उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन में राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अंजुश्री और शिक्षिकाओं रिचा पोरवाल, पूनम सहाय, दरक्शा हसन सहित अन्य संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# पूजन करते समय पूरे घर में लगी आग

## बाबा और दो पौत्र झुलसे, कमरे में रखा सामान राख

जिला संवाददाता

इटावा। ईदगाह क्षेत्र में गुरुवार दोपहर पूजा के दीपक से एक मकान में आग लग गई। इस घटना में एक बुजुर्ग और उनके दो पौत्र झुलस गए। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

शहर के ईदगाह के पास स्थित मकान में गुरुवार दोपहर पूजा के दौरान जलाया गया दीपक अचानक गिर गया। इससे आग तेजी से भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। कमरे में रखा सामान जलने लगा, जिससे घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के बीच अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से घर के बुजुर्ग मुन्नी लाल और उनके दो पौत्र गगन तथा हर्ष गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों और आसपास के लोगों ने साहस दिखाते हुए तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो चुका था। इस घटना के बाद मोहल्ले में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। झुलसे बाबा मुन्नी लाल और दोनों बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी घायलों की हालत पर नजर रखी जा रही है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण पूजा के दौरान जलाया गया दीपक ही बताया जा रहा है। मुन्नीलाल ने बताया कि घर मेरे दो पौत्र खेल रहे थे उसी समय पौत्र ने दीपक जलाया और उससे कपड़ों में आग लग गई जब तक मैने देखा तो आग जल रही थी, तभी मैने आग पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझ नहीं सकी, हमारे दोनों नाती आग में फंस गए, छोटे नाती को निकालते समय मैं भी झुलस गया, उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, एक नाती बड़ा वाला खुद निकल आया। करीब दो घंटे से आग जल रही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उत्कर्ष सिंह दर्ज है जबकि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 211089997 में मेरा नाम शौर्य सिंह चंदेल दर्ज है। भविष्य में मुझे शौर्य सिंह चंदेल के नाम से जाना व पहचाना जाता है। **शौर्य सिंह चंदेल पुत्र श्री राकेश सिंह चंदेल नि.- 10, फैजाबाद रोड, रेलवे क्रासिंग के पास ओल्ड महानगर, लखनऊ।**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अब्दुल मजीद खान (Abdul Majid Khan) दर्ज है तथा आधार कार्ड में उनका नाम हबीब खान (Habib Khan) दर्ज है। दोनों मेरे पिता के नाम हैं। वह दोनों ही नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। **मोहम्मद मोईन खान पुत्र हबीब खान नि.- 485/137, लकड़मण्डी, डालीगंज, पोस्ट निराला नगर, लखनऊ।**

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**ललितपुर (वीओएल)**। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम हीरापुर हनुपुरा में रहने वाली बागवेन्द्र पुत्र सुखमाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 17 जनवरी को रात करीब 2 बजे उसके पिता सुखमाल पुत्र रज्जूलाल लोधी अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 4097 से स्टेशन अपने रिश्तेदार को छोड़कर घर हीरापुर लौट रहा था। वह मन्नू पेट्रोल पम्प के पास मृगासन देवी मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि तभी अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जमीन पर अवैध कब्जा करने से रोकने पर मारपीट

ललितपुर (वीओएल)। निकटवर्ती ग्राम मैनवार में रहने वाले विनोद रजक पुत्र बन्धु ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह दिव्यांग है, जिस पर वह अपने भाई वीरन की 0.75 डि. यानी 1.5 एकड़ की जमीन जो कि गांव मैनवार में है।

जिस पर उसकी जमीन से लगी भबूदी पुत्र हल्कू की जमीन भी लगी है। आरोप है कि उक्त लोग पीड़ित की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं, जिसकी जानकारी होने पर वह अपने भाई के साथ मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। 27 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था, तभी भबूदी का पुत्र तिलक आया और बिना कारण गालियां देते हुये मारपीट करने लगा और जमीन उसके नाम न करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत चैकी बिरधा में की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बालक का तालाब में शव मिला

**बांदा**। खेलने को घर से कहकर निकले 4 वर्षीय बालक का शव काफी खोजबीन के बाद घर के सामने तालाब में मिला। पैलानी तहसील के पिपरहरी गांव निवासी सुमत प्रजापति का पुत्र शिवांश 4 शाम को घर से खेलने को कहकर बाहर निकला लेकिन वह देर शाम तक घर वापस नही लौटा। परिजनों ने शिवांश की तलाश शुरू की। गांव में मुनादी करवाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस चैकी व थाना प्रभारी की टीम के साथ ग्रामीणों ने शिवांश की तलाश शुरू की। खोजबीन के बाद में शिवांश का शव घर के सामने तालाब पर मिला। मृतक शिवांश पुत्र सुमित प्रजापति के घर के ठीक सामने हरिजन बस्ती है और वहीं तालाब है।

शिवांश खेलने को कहकर घर से निकला था लेकिन फिर लौट कर वापस नहीं आया।

इस घटना से पिता सुमित, मां गुड़िया का रोकर बुरा हाल है। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद बच्चे का शव मिला है। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अभिलेख तैयार हो चुके गांवों को चकबंदी से बाहर करने का विशेष प्रयास करें: डीएम



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिले के चकबन्दी प्रक्रियाधीन सभी ग्रामों की धारा एवं ग्रामवार समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित बैठक में एसओसी चकबंदी को निर्देश दिए कि इसी वित्तीय वर्ष में कम से कम पांच गांवों में चकबंदी प्रक्रिया को पूरा कर निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें और आगामी वित्तीय वर्ष में अवशेष 16 ग्रामों पर योजनाबद्ध से कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा गांवों को चकबंदी प्रक्रिया से मुक्त करने का प्रयास करें। उन्होंने चकबंदी कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए एसओसी चकबंदी को यह भी निर्देशित किया कि कब्जा परिवर्तन अथवा अवैध कब्जा प्रकरणों को कब्जा मुक्त करने के लिए संयुक्त रूप से टीम बनाकर कब्जा परिवर्तन एवं अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराना सुनिश्चित करें ताकि चकबंदी कार्य में आवश्यक तेजी लाई जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों के अंतिम अभिलेख तैयार हो चुके हैं, उनको चकबंदी प्रक्रिया से बाहर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने संबंधित चकबंदी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि आपत्तियों के निस्तारण एवं कब्जा परिवर्तन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें, ताकि कार्य की प्रगति प्रभावित न होने पाए। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें और कार्य पूर्ण समयबद्वता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीओ, ऐसीओ एवं कानूनगो के कार्यों की प्रगति प्रतिदिन समीक्षा करें और जिस स्तर पर भी लापरवाही होना प्रकाश में आए उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही अमल में लाएं।

उन्होंने चकबंदी अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से चकबंदी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है, इसलिए उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सभी कार्य समयबद्वता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसओसी चकबंदी संजय कुमार शर्मा सहित समस्त सीओ, एसीओ, कानूनगो एंव लेखपाल मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश



**बांदा**। जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद मार्जन मनी योजना, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ के उद्यमियों द्वारा पानी की अनुपलब्धता, औद्योगिक क्षेत्र सफाई, नालियों व सड़क की मरम्मत, प्रवेश द्वार पर बोर्ड और गेट लगाए जाने के साथ ही स्वतंत्र विद्युत फीडर से बिजली आपूर्ति, औद्योगिक क्षेत्र कताई मिल में भूखण्डों के आवंटन, भूरागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन पर कॉम्प्लेक्स मॉल बनाने, निवेश मित्र पोर्टल पर मिले मामलों के बारे में समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ की सफाई, सड़क, नाली मरम्मत आदि व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए कि अगली बैठक में यूपीसीडा के आरएम को पत्र भेजकर बुलाया जाए। उद्यमियों ने बताया कि 33 केबी की लाइन घरों के ऊपर से निकली हई है इस पर डीएम ने अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि शीघ्र ही खंभे पहुंचाकर यह कार्य प्राथमिकता पर कराएं। औद्योगिक क्षेत्र कताई मिल को सरदार वल्लभ भाई पटेल योजना पर उद्यमियों की सहमति पर विचार करते हुए शासन को शीघ्र प्रस्ताव भजने का आश्वासन दिया। मुख्य विकास अधिकरी अजय कुमार पाण्डेय ने फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज खोलने पर विचार-विमर्श किया और डीएचओ को निर्देश दिए कि इस बारे में शीघ्र ही प्रस्ताव मांगे जाएं। बैठक में जीएम, डीआईसी गुरूदेव, अर्थ संख्याधिकारी पुष्पेन्द्र, एलडीएम, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय चैरसिया, उद्यमी मनोज जैन, रोहित जैन, शहीद अहमद, शिवम सिंह व अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में एसटीईएमआई मरीजों के लिए जीवनरक्षक इंजेक्शन टेनेक्टेप्लेस उपलब्ध

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)**। जनपद के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) ललितपुर में अब हृदयाघात से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु जीवनरक्षक इंजेक्शन टेनेक्टेप्लेस की सुविधा

> **प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के सतत प्रयासों और मेहनत का लाभ मिलेगा जनपदवासियों को**

उपलब्ध हो गई है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के सतत प्रयासों और मार्गदर्शन का परिणाम है।

उनके नेतृत्व में मरीजों को त्वरित और उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। टेनेक्टेप्लेस एक अत्याधुनिक थ्रोम्बोलाइटिक इंजेक्शन है, जो हार्ट अटैक के दौरान रक्त में जमे थक्के को घोलने में प्रभावी भूमिका निभाता है। इसके समय पर उपयोग सैं ज्न्डप् मरीजों की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

एएसएमसी ललितपुर में इस सुविधा के शुरू होने से अब ललितपुर एवं आसपास के जनपदों के गंभीर हृदय रोगियों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। इससे बड़े चिकित्सा केंद्रों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी और गोल्डन आवर का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, एसटीईएमआई जैसी आपातकालीन स्थिति में टेनेक्टेप्लेस का शीघ्र प्रयोग मरीज के जीवन के लिए अत्यंत निर्णायक सिद्ध होता है। एएसएमसी ललितपुर द्वारा यह सुविधा प्रारंभ किया जाना जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है।

# निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता ही सशक्त समाज की आधारशिला: डॉ. सौरभ

*जिला संवाददाता*

***ललितपुर (वीओएल)।*** भारतीय समाचार पत्र दिवस के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन पीजीपीएम पनारी में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जन जागरूकता फैलाने में समाचार पत्रों की भूमिका पर प्रकाश डालना तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मीडिया के योगदान को रेखांकित

> **भारतीय समाचार पत्र दिवस के अवसर पर विचार संगोष्ठी में रखे गये विचार**

करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सौरभ यादव (प्रबंध निदेशक, पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज), डॉ. महेश कुमार झा (प्राचार्य), प्रो. रामलाल रायकवार (उपप्राचार्य) एवं असिस्टेंट प्रोफेसर गंगाराम विश्वकर्मा (इतिहास विभागाध्यक्ष) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाचार पत्र समाज का दर्पण होते हैं और सामाजिक चेतना, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता ही सशक्त समाज की आधारशिला है। प्रो. रामलाल रायकवार ने कहा कि भारतीय समाचार पत्र केवल समाचारों का संकलन नहीं, बल्कि समाज की आवाज हैं। इन्होंने जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने के साथ-साथ शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार आंदोलनों को दिशा दी है। आज के डिजिटल युग में भी समाचार पत्रों की विश्वसनीयता बनी हुई है। असिस्टेंट प्रोफेसर गंगाराम विश्वकर्मा ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि समाचार पत्रों ने राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय समाचार पत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनता को संगठित किया और आज भी सामाजिक सरोकारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रहे हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर साहिबा ने कहा कि पुस्तकालय और समाचार पत्र ज्ञान के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। समाचार पत्र न केवल हमें प्रतिदिन की घटनाओं से अवगत कराते हैं, बल्कि छात्रों में अध्ययन, विश्लेषण एवं आलोचनात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होते हैं। भारतीय समाचार पत्रों ने समाज को जागरूक करने के साथ-साथ शैक्षिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज के डिजिटल युग में भी मुद्रित समाचार पत्रों की उपयोगिता और विश्वसनीयता बनी हुई है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से जागरूकता फैलाता रहेगा। संगोष्ठी का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर प्रसन्न कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


# डीएम जसजीत कौर को दिल्ली में राष्ट्रपति ने किया सम्मनित, एमआर पाशा ने दी बधाई

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर**। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम0आर0 पाशा एवं वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद वसीम ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मतदाता जागरूकता, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने एवं समावेशी मतदान व्यवस्था के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान से जोड़ने में जिलाधिकारी जसजीत कौर की भूमिका सराहनीय रही है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सम्मान के लिए राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम0आर0 पाशा एवं वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद वसीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है और प्रशासन सदैव निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# चंदेरी जौहर दिवस मनाकर वीरांगनाओं को दी श्रद्धांजलि



**ललितपुर (वीओएल)**। 29 जनवरी 1528 के चंदेरी जौहर दिवस के उपलक्ष्य में शैलेंद्र सिंह परिहार जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में क्षत्रिय खंगार समाज के समाजबंधुओं ने चंदेरी नरेश महाराजा मेदिनी राय खंगार एवं महारानी मणिमाला खंगार तथा 5000 क्षत्रिय वीरों और 1600 रानियों को याद करते हुये दीप जलाकर श्रदांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।वक्ताओं ने कहा कि इतिहास में सन 1526 में बाबर और राणा सांगा के बीच लड़े गए खानवा के युद्ध में मेदिनी राय खंगार ने महत्तपूर्ण भूमिका निभाई, बाबर भी ऐसी वीरता देखकर हतप्रभ रह गया। उसके

> **दीपदान महोत्सव का किया गया आयोजन**

बाद बाबर ने सन 1528 को चंदेरी पर आक्रमण किया और बाबर की संधि का प्रस्ताव मेदिनी राय ने ठुकराकर युद्ध के लिए न्योता दिया। घनघोर युद्ध हुआ परंतु विश्वासघात के कारण हमारे 5000 खंगार वीर लड़ते लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए। 29 जनवरी सन 1528 को उसके पश्चात हमारी माँओ, बहनों 1600 क्षत्राणियों ने अपने सम्मान के लिए अग्निकुंड में अपनी देह समर्पित कर दी।

अग्निकुंड से ही माता मणिमाला का एक तीर बाबर की पगड़ी को लगा और वह नीचे गिर गई। बाबर को किले के अंदर कुछ भी ना मिला, वह जीत कर भी हार चुका था। इस तरह क्षत्रिय खंगार वंश के राजपूतों ने अपनी आन बान शान तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस तरह सभी ने उन्हें याद किया तथा अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अससर पर श्रीकांत कुशवाहा (उपसभापति जिला सहकारी बैंक), विवेक जैन (अभिलाषा ग्रुप), राजवीर सिंह, नवीन नायक, अमन शर्मा, अभिषेक राय (पूर्व जिला अध्यक्ष ), भूपत सिंह खंगार, हरिओम, नीरज सिंह, अभिषेक सिंह खंगार, देशपत सिंह परिहार( लोक कवि), दानवीर सिंह, धीरज सिंह, अंकित परिहार( बुंदेली गायक), राजाराम सिंह गोलू परिहार, सौरभ परिहार, राहुल परिहार, ऋतिक परिहार, आयुष परिहार, रोहित परिहार सहित क्षत्रिय खंगार समाज के बंधु मौजूद रहे।

## बांदा-अतर्रा मार्ग पर वाहनों का आवागमन रहेगा बंद

बांदा। खुरहण्ड स्टेशन में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के सत्संग कार्यक्रम आयोजन को देखते हुए बांदा से अतर्रा मार्ग पर सभी तरह के वाहनों का 30 जनवरी को प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सत्संग के चलते यातायात डाईवर्जन किया गया है। जिन वाहनों को बांदा से अतर्रा, चित्रकूट जाना है वह बांदा-बिलगांव-बिसंडा होकर बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे से होते हुए चित्रकूट जा सकेंगे। इसी प्रकार चित्रकूट से बांदा के लिए सभी तरह के वाहन चित्रकूट-पहाड़ी-बिसंडा मार्ग होते हुए बांदा आ सकेंगे अथवा चित्रकूट से बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे से बांदा आ सकते हैं।

# मृतक शिवेन्द्र और घायल युवाओं के घर पहुंचे सदर विधायक और जिलाध्यक्ष

**ललितपुर (वीओएल)**। सोमवार की देर रात थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बरखेरा के पास प्रदेश के राज्यमंत्री एवं जनपद की तहसील महरौनी से विधायक मनोहरलाल पंथ की पत्नी कस्तूरी बाई के नाम से पंजीकृत फॉर्च्युनर कार ने सड़क किनारे खड़े

> **राज्यमंत्री पुत्र द्वारा फॉर्च्युनर कार से युवाओं को रौंदने का मामला**
> **परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन, ढ़ांढस बंधाया**

तीन युवाओं को रौंद दिया था। इस घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रिफर किया गया था। अंधी रफ्तार से भाग रही फॉर्च्युनर कार की स्पीड़ इतनी भयावह थी कि टक्कर लगने के बाद बाइक पर बैठे शिवेन्द्र यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी थी जबकि उसके साथ मौजूद अनुज व शंकर यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं ग्रामीणों का आरोप था कि घटना को अंजाम देने के बाद कार चला रहे राज्यमंत्री के पुत्र नरेश पंथ व उनके साथियों जो कि शराब के नशे में चूर थे ने मौके पर एकजुट हुये ग्रामीणों को हथियारो के बल पर धमकाया और भाग गये।

इस घटना के बाद जाखलौन पुलिस ने मृतक शिवेन्द्र के चाचा राजपाल यादव की तहरीर पर कार चालक राज्यमंत्री पुत्र नरेश पंथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं दूसरी ओर अब मृतक शिवेन्द्र यादव व घायल अनुज व शंकर यादव के घर पहुंच कर सदर विधायक



रामरतन कुशवाहा व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र ने शोकाकुल परिजनों को ढ़ाढस बंधाया, साथ ही पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने झांसी सांसद प्रतिनिधि मनीष दीक्षित से फोन पर वार्ता कर मेडिकल कॉलेज में सभी समुचित चिकित्सीय सुविधाएं दिलाने और हर संभव सहयोग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा का हर वोटर हमारा परिवार है। हम सुख दुख में सदैव उनके साथ है। इस दौरान महामंत्री महेश श्रीवास्तव, गौरव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश कौंते, थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे।

## यूजीसी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक, मांगा जवाबआदेश के बाद जिले में प्रसन्नता

**बांदा**। सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी पर सुनवाई के बाद तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट ने केन्द्र और यूजीसी से जवाब मांगा है। उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने, विनियम, 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। अदालत में इन विनियमों को सामान्य वर्गों के विरूद्ध भेदभावपूर्ण होने की चुनौती दी गयी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नये नियमों पर रोक लगा दी है। अब अगले आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नये नियम अस्पष्ट हैं। नये यूजीसी नियमों का दुरूपयोग हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी के साथ केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किया और यूजीसी के नये नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने रिट याचिकाओं की सुनवाई करते हुए कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम उल्टी दिशा में जा रहे हैं जिन्हे सुरक्षा चाहिए, उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसी के साथ उन्होने केन्द्र और यूजीसी से जवाब मांगा है और यह भी कहा है कि एक विशेष कमेटी भी बनाई जा सकती है। उन्होने इसी के साथ नये नियमों की भाषा को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों पर जरूरत पर भी जोर दिया। अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। बताते चलें कि यूजीसी को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश है और बांदा सहित जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर निकाली रैली



**महोबा**। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में 29 जनवरी 2026 को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर एवं यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोगए निर्धारित गति सीमा का पालनए नशे की हालत में वाहन न चलानेए मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा पैदल यात्रियों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। इस मौके पर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के उपरांत स्काउट्स एवं गाइड्सए विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षाए हेलमेट पहनें जीवन बचाएं जैसे नारों के जरिए आमजनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

## मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**बांदा**। मुख्यमंत्री की बीते सितम्बर माह में घोषणा के बावजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और हेल्पर के मानदेय में बढ़ोत्तरी व अन्य लंबित मांगों का निस्तारण न होने से आहत प्रदेश स्तरीय संयुक्त मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स एसोसिएशन के बैनर तले जनपद के कई ब्लाकों की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने जिलाध्यक्ष किरन सेठी की अगुवाई में सरकार से सम्मानजनक मानदेय वृद्धि की मांग की। जिलाध्यक्ष किरन सेठी ने बताया कि आंगनवाड़ी व सहायिका अपनी लंबित मांगों के निस्तारण न होने से परेशान हैं। अब तक सरकार ने कुछ नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने बीते सितंबर माह में घोषणा की थी जिसका पालन आज तक नहीं हुआ। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप न मानदेय बढ़ा न ही मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए। कहा कि यह आंदोलन किसी प्रकार का टकराव नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के अधिकार, सम्मान, सामाजिक सुरक्षा व महिला बाल विकास विभाग को सशक्त बनाने का प्रयास है। इस दौरान, ममता, सुमनलता, सोना, अनीता, कमलेश, मंजू मिश्रा, अर्चना, दीपमाला व बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## मनीष के नेतृत्व में नामदेव समाज प्रगति के पथ पर



**महोबा**। नामदेव समाज में मनीष नामदेव के जिलाध्यक्ष बनने के बाद से समाज एक नई दिशा में अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। उनके नेतृत्व में समाज की गतिविधियों में निरंतर सक्रियता बढ़ी है और संगठन को मजबूती मिली है। मनीष नामदेव ने पदभार ग्रहण करने के बाद समाज को संगठित करनेए आपसी भाईचारे को मजबूत करने तथा युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए कई सार्थक पहल की हैं। उनके प्रयासों से समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं में उनके नेतृत्व को लेकर सकारात्मक माहौल है और सभी को विश्वास है कि आने वाले समय में नामदेव समाज और अधिक प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विधायक ने तैयारियों का लिया जायजा



**ललितपुर (वीओएल)**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में संभावित दौरा हो सकता है। इसी के क्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने गुरूवार को देवगढ़ पहुँचकर मुख्यमंत्री के आगामी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। विधायक रामरतन कुशवाहा ने बताया कि जनपद ललितपुर के विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री का सान्निध्य हम सभी को मिलने जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी कार्यकर्ता एवं प्रशासन पूरी तन्मयता से जुटा हुआ है।

## दुर्गा मंदिर से मुकुट, जेवर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

बांदा। खप्टिहाकला गांव में सिद्ध पीठ पाथादाई मंदिर में बीती रात मां दुर्गा जी की मूर्ति का चांदी का छत्र व मुकुट, सोने की बेसर व कैमरे की हार्ड डिस्क चोर ले उड़े। मंदिर के गेट पर ताला लगा था। गुरूवार की सुबह श्रद्धालु रामू पूजा करने के लिए मंदिर गया तो देखा कि अल्युमिनियम का पल्ला टूटा पड़ा है। सीसीटीवी कैमरा की केबिल काटकर, हार्ड डिस्क निकाल ली गई है। दुर्गा जी की मूर्ति से लगभग 500 ग्राम का चांदी का मुकुट व नाक की बेसर नहीं दिखाई पड़ी तो पड़ोस के लोगों को जानकारी दी।

मंदिर पहुंचे मुख्य पुजारी राकेश बाबा, प्रधान पति रामचंद्र निषाद, सुरेश, अमित सिंह, राहुल यादव, शिवकुमार, अंकित, सुधाकर शुक्ला, भोला सिंह, विनय, रामदत्त तिवारी ने पहुंचकर देखा। गांव के लोगों ने चैकी प्रभारी हरीशरण सिंह को चांदी का मुकुट, सोने की बेसर व हार्ड डिस्क चोरी किए जाने की तहरीर दी। चैकी प्रभारी ने मंदिर पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# विकास और रोजगार

भारत की आर्थिक विकास दर लगातार बेहतर बनी हुई है। अमरीकी पाबंदियों के बावजूद भी आरबीआई और अन्य विदेशी एजेंसियों का अनुमान है कि भारत की जीडीपी सात फीसद की दर से बढ़ेगी। अब भारत सरकार ने जो आर्थिक सर्वे पेश किया है उसमें भी जीडीपी की विकास दर 7 फीसद से ऊपर रहने की बात कही गयी है। यह भी बताया गया है कि अमरीकी टैरिफ के बावजूद यह भविष्य में ऊंची वृद्धि बनी रहेगी। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार अब अधिक से अधिक विकास और रोजगार पर फोकस करे। क्योंकि देश में रोजगार का बड़ा संकट है। इसलिए सरकार को रोजगार बढ़ाने पर पूरी तरह से ध्यान देना चाहिए। बजट में रोजगार बढ़ाने के उपायों पर सरकार का केन्द्रीय फोकस हो। इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्टर, निर्माण, विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में वित्तीय आवंटन बढ़ाकर, सुधार और प्रोत्साहन लागू करके रोजगार के नये अवसरों का सृजन तेज किया जा सकता है। रोजगार रहित विकास ने देश में गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े उद्यम लग रहे हैं लेकिन रोजगार नहीं है। इससे बेरोजगारी और आर्थिक विषमता का संकट बढ़ा है। ऐसे में सरकार को विकास के साथ अवसरों को सृजित



करने के लिए रोजगार केन्द्रित उद्यमों को बढ़ावा देना होगा ताकि विकास के साथ रोजगार के मौके भी बढ़ें। भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार ट्रिलियन के करीब पहुंच गयी है और अगर वर्तमान गति से आगे बढ़ती रही है, तो अगले एक दशक में न सिर्फ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा बल्कि अर्थव्यवस्था का आकार भी आठ-दस ट्रिलियन हो जायेगा। हमारा विकास आगे भी तेज गति से जारी रहेगा क्योंकि भारत सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। अगर हम दो-ढ़ाई दशक के अंतराल के बजाय अगले एक दशक के आर्थिक परिदृश्य पर ही चर्चा करें, तो सात-आठ फीसद की गति से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में न सिर्फ एमएसएमई के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बन रहे हैं बल्कि स्टार्टअप से लेकर वृहद आकार के उद्यमों तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गेम चेंजर बनी हुई है। सरकार अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भागीदारी 50 तक फीसद तक ले जाना चाहती है। फिलहाल अभी यह आंकड़ा तीस फीसद पर है। लेकिन जिस तरह बड़े आकार के उद्यम ऑटोमोटिव हो रहे हैं, वहां ग्रोथ, रेवेन्यू और मुनाफे की तुलना में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि भारत आर्थिक महाशक्ति कब बनता है, 1947 तक भारत विकसित देश बन पाता है या नहीं, मध्यम आया वाली अर्थव्यवस्था बनने में कितना समय लगेगा, ये तमाम सवाल अपनी जगह पर हैं और इनका जवाब समय के गर्भ में है। लेकिन एक बात पूरी तरह साफ है कि अगर भारत को संपूर्ण रोजगार के लक्ष्य को हासिल करना है, तो इसका रास्ता एमएसएमई सेक्टर ही प्रशस्त कर सकता है। एमएसएमई जॉब ओरिएंटेड सेक्टर है और कम ऑटोमोटिव होने, श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली के अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण एमएसएमई सेक्टर में अगर प्रगति होती है तो सही मायने में रोजगार के मौके बनते हैं। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां श्रम की बहुलता है। श्रम की उपलब्धता, लगातार बढ़ती समृद्धि और उसके परिणाम स्वरूप बढ़ी मांग ने एमएसएमई की संभावनाओं को भी पंख लगाने का काम किया है। यह भी कि सिर्फ सर्विस सेक्टर, कृषि, प्रकृति एवं डेयरी से जुड़े क्षेत्र और छोटे आकार की उत्पादन प्रणाली तक ही एमएसएमई की कहानी सीमित नहीं है। आज वैश्विक व्यापार में भी मध्यम, लघु और सूक्ष्म आकार के उद्यमों ने बड़ी सफलता दर्ज की है। इसलिए इस बात पर जाने की जरूरत नहीं है कि देश में एमएसएमई की संख्या कितनी है। यह संख्या फिलहाल छह करोड़ के करीब बतायी जा रही है। यह संख्या इतनी अधिक है कि अगर इसमें एक भी नया उद्यम न जुड़े और प्रति उद्यम औसतन दस रोजगार भी सृजित किये जा सकें, तो देश में इतने रोजगार के मौके बनेंगे कि युवाओं की संख्या कम पड़ जायेगी। इसलिए एमएसएमई पर भी वित्तमंत्री को ध्यान देना चाहिए।

विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।
–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश- यही दो नीति है इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।
–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।
–वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं- एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।
–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।
–मेंगून.

# हिमालय में बदल रहा इकोलॉजिकल पैटर्न

डॉ. अनिता राठौर

**नेपाल के त्रिभुवन विश्व विद्यालय के 2025 के अध्ययन से मालूम होता है कि 1988 से 2024 हिमालय में स्नो कवर बहुत तेजी से कम हुआ और स्नोलाइन लगभग 2.2 मीटर प्रति वर्ष के हिसाब से ऊपर उठी है। अब अगर हिमालय में ही बर्फ.कम होता चला जायेगा तो निश्चितरूप से हिमालय से निकलने वाली नदियों जैसे गंगा आदि में पानी का स्तर घट जायेगा और मैदानी क्षेत्रों में जल सुरक्षा पर संकट के बादल छा जायेंगे।**



हिमालय के बहुत बड़े क्षेत्रों में उत्तराखंड की नदी घाटियों से लेकर एवरेस्ट पर्वत के नीचे की ढलानों तक बर्फ की सीमा ऊपर की ओर सिकुड़ती जा रही है। ऐसा वैज्ञानिकों का अवलोकन है। संसार की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला पर यह क्लाइमेट चेंज में तेजी आने का यह एकदम स्पष्ट और सर्वाधिक दिखायी देने वाला संकेत है। जाड़े के इस मौसम में भारत के हिमालय क्षेत्र में बर्फ़बारी सामान्य से कम रही है, जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि बर्फ.की चोटियां पतली हो जायेंगी, बर्फ.जल्दी पिघलने लगेगी और जल सुरक्षा पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेगा। उत्तराखंड में लम्बी सूखी स्थितियों का असर निरंतरता के साथ पूरे कुमाऊं हिमालय में दिखायी दे रहा है। कुछ खास बारिश या बर्फ़बारी नहीं हुई है, इसलिए कैलाश मानसरोवर के मार्ग पर हिमालय की अनेक चोटियां असामान्य तौरपर सूखी और बड़े स्तर पर बर्फ.रहित दिखायी दे रही हैं।

एक अन्य समस्या और है। दशकों से हिमालय में जंगल की आग एक निश्चित पैटर्न का पालन करती आ रही थीं। बसंत के अंत में व गर्मियों के आरंभ में जब तापमान बढ़ने लगता था तो बिखरी हुई सूखी पत्तियां सुलगने लगती थीं और हिमालय के जंगलों में आग लग जाती थी। इसके विपरीत जाड़ों में बर्फ.व नमी की वजह से जंगल आग से सुरक्षित रहते थे। पिछले कुछ वर्षों से यह पैटर्न टूट गया है। इस जाड़े में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर के जंगल इतनी तीव्रता व आवृति से जल रहे हैं कि वन अधिकारियों व वैज्ञानिकों का कहना है कि अब यह अपवाद नहीं है बल्कि बदलते इकोलोजिकल पैटर्न का संकेत है। ह्लजंगल की आग प्राकृतिक चक्र है, लेकिन क्लाइमेट परिवर्तनशीलता इस चक्र को सिकोड़ और तीव्र कर रही है।ह्व ऐसा देहरादून के फारेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट (एफआरआई) के वरिष्ठ वैज्ञानिक अमित कुमार वर्मा का कहना है, जो पांच वर्ष के उस अध्ययन से जुड़े हुए हैं जिसके तहत देश में जंगलों की आग के बदलते पैटर्न को समझने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, सिर्फ जंगल ही नहीं जल रहे हैं। चिंता का विषय यह भी है कि सूखे जाड़ों की वजह से कश्मीर घाटी व पीर पंजाल रेंज में मकानों में भी आग लग रही है। अधिकारियों के अनुसार इन जाड़ों के पिछले कुछ माह के दौरान अकेले श्रीनगर में 700 से अधिक मकानों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। जम्मू कश्मीर के अग्नि व आपात सेवा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास लगभग रोजाना आग लगने की कॉल्स आ रही हैं और सबसे खराब स्थिति श्रीनगर के भीड़-भरे पुराने शहर में है, जहां अगर एक घर में आग लगती है तो तेजी से दूसरे सटे हुए मकानों में फैल जाती है। दस जनवरी 2026 को नोहट्टा में कम से कम 7 मकानों में आग लगी। देहरादून स्थित फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) के डाटा से मालूम होता है कि 1 नवम्बर 2025 से अब तक उत्तराखंड के जंगलों से 1,756 आग अलर्टस मिले हैं, जोकि देश में सर्वाधिक है और उन राज्यों को भी पीछे छोड़ देती है जिनके जंगलों में परम्परागत रूप से अधिक आग लगती है- महाराष्ट्र (1,028), कर्नाटक (924), मध्य प्रदेश (868) और छत्तीसगढ़ (862)। हर सैटेलाइट अलर्ट जंगल की सक्रिय आग में तब्दील नहीं होता है, लेकिन इस पैटर्न को अनदेखा नहीं किया जा सकता, विशेषकर इसलिए कि दिसम्बर-जनवरी आमतौर से कम आग के महीने होते हैं।

पर्यावरण

यह सब अति सूखे की वजह से हो रहा है। दिसम्बर में बारिश नहीं पड़ी और जनवरी भी तकरीबन सूखा ही जा रहा है। जंगलों के निचले हिस्सों में नमी का स्तर बहुत कम है। उत्तराखंड की तरह हिमाचल प्रदेश में भी पिछले साल अक्टूबर के पहले सप्ताह से बारिश नहीं हुई है और सेब की काश्त वाली पट्टी जैसे कुल्लू, मनाली, मंडी, शिमला व चंबा में बर्फ़बारी न के बराबर हुई है। नतीजतन जंगलों में आग लग रही है। कश्मीर में भी बर्फ़बारी सामान्य से 40 प्रतिशत कम हुई है और घाटी, पीर पंजाल रेंज, उरी, बंदीपोरा, निशात व पुंछ में आग भड़की हैं। दिसम्बर में अनंतनाग में आग बुझाते हुए एक वन गार्ड की मौत हुई और 12 जनवरी को पुंछ में जंगल की आग की वजह से नियंत्रण रेखा के पास लैंडमाइन विस्फोट हुए। मिट्टी में जब नमी कम होती है, तो घास ज्वलनशील हो जाती है। वैसे जंगलों में आग लगने की कोई एक वजह नहीं होती है, लेकिन अब इस आग के प्रभाव को नागरिक भी महसूस करने लगे हैं। मसलन, ज्योतिर्मठ (पूर्व में जोशीमठ) में पिछले कुछ दिनों से 63-वर्षीय सरोजिनी देवी चिंतित आंखों से अपने घर के पास के जंगल में धुआं उठते हुए देख रही हैं। अगर यह आग फैल गई तो सब कुछ राख का ढेर बन जायेगा। मुझे यही डर है। अब इन पहाड़ों में, जहां मैंने अपनी पूरी जिंदगी गुजारी है, पहले की तरह रहना खुशगवार नहीं रह गया है। पहाड़ों में ही नहीं, मैदानों में भी रहना कठिन हो जायेगा जल संकट की वजह से अगर हिमालय में क्लाइमेट चेंज के कारण बर्फ.की परतें या ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते रहे।

कैलाश मानसरोवर मार्ग पर हिमालय की अनेक चोटियां असामान्य रूप से सूखी व बर्फ़रहित दिखायी दे रही हैं। इन चोटियों में पिथोरागढ़ जिले की तहसील धारचुला तहसील में स्थित ओम पर्वत (18,324 फीट) भी शामिल है, जोकि अति पूजनीय पहाड़ है क्योंकि इस पर बर्फ.से प्राकृतिक तौरपर प्रतीक बनता है। बर्फ़बारी न होने की वजह से यह पहाड़ अब सफेद की जगह 'लगभग काला' है, स्थानीय लोगों के अनुसार। इस जाड़े में असामान्य सूखी स्थितियों के कारण ओम पर्वत के पास की कुछ अन्य चोटियां भी सफेद की जगह भूरी दिखायी दे रही हैं। हर साल अक्टूबर के अंत में बर्फ़बारी शुरू हो जाती थी और ग्रामीण ऊपरी हिमालय से नीचे घाटी में आ जाते थे, लेकिन इस साल तो अब तक सूखा है। पिथोरागढ़ व चम्पावत में 10 से 15 प्रतिशत फसल बर्बाद हुई है।

दरअसल, इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि हिमालय के अधिकतर हिस्सों में मौसमी स्नोलाइन ऊपर की तरफ शिफ्ट हुई है। अधिक तापमान व कम बर्फ.की वजह से पहाड़ों पर रॉक अधिक दिखायी दे रहे हैं, जबकि पहले वह जाड़ों व बसंत में बर्फ. से ढके रहते थे। सैटेलाइट-आधारित शोध से जो डाटा उपलब्ध हुआ है उससे मालूम हुआ है कि 1990 से 2022 तक गोरी गंगा वाटरशेड की औसत स्नोलाइन लगभग 520 मीटर ऊपर उठी (यानी जो पहले 4,665 मीटर पर थी वह 5,185 मीटर पर पहुंच गई है) 16 मीटर प्रति वर्ष से अधिक के हिसाब से। वनस्पति (596 मीटर) व पेड़ों (680 मीटर) की सीमाएं भी ऊपर की ओर बढ़ी हैं, जो क्लाइमेट चेंज के कारण इकोलॉजिकल प्रतिक्रिया का संकेत है। माउंट एवेरेस्ट क्षेत्र में भी स्नोलाइन 2024-25 के जाड़ों में दो माह के भीतर 490 फीट ऊपर गई। यही कुछ पूरे हिमालय क्षेत्र में देखने को मिल रहा है, हालांकि पैटर्न व गति समान नहीं है। नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय के 2025 के अध्ययन से मालूम होता है कि 1988 से 2024 हिमालय में स्नो कवर बहुत तेजी से कम हुआ और स्नोलाइन लगभग 2.2 मीटर प्रति वर्ष के हिसाब से ऊपर उठी है। अब अगर हिमालय में ही बर्फ.कम होता चला जायेगा तो निश्चितरूप से हिमालय से निकलने वाली नदियों जैसे गंगा आदि में पानी का स्तर घट जायेगा और मैदानी क्षेत्रों में जल सुरक्षा पर संकट के बादल छा जायेंगे। ग्लोबल वार्मिंग को अब नियंत्रित न किया गया तो बहुत देर हो जायेगी।

सोशल मीडिया

यूजीसी के नये नियमों से सामाजिक तनाव का वातावरण पैदा हो गया है, ऐसे वर्तमान माहौल को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नियमों पर रोक लगाना उचित है। मायावती.



सच्चा न्याय किसी के साथ अन्याय नहीं होता है। मा. न्यायालय यही करता है। कानून की भाषा और भाव साफ होनी चाहिए। बात सिर्फ नियम की नहीं, नियत की भी है। अखिलेश यादव.



भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न ऐतिहासिक एफटीए समझौता भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति और हमारे भरोसेमंद साझीदारी का प्रतीक है। केशव प्रसाद मौर्य.



# मनुष्य पूर्ण नहीं होता

अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# परीक्षा पास कराने वाले गिरोह

व्यंग्यलोक

इन दिनों परीक्षाओं का चक्रव्यूह चल रहा है। इधर-उधर पास कराने वाले गिरोह पनप रहे हैं। वे बच्चों को पास होने के लिए उकसा रहे हैं। इस गिरोह में शिक्षक भी शामिल है। वे बच्चों को पढ़कर पास होने जैसे घटिया कामों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। ऐसे झांसेबाज शिक्षकों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जो पढ़ेगा, वह बस पढ़ता ही रह जाएगा। जो फेल होगा वही एक दिन राजा बन जाएगा। चुनाव लड़ जाएगा और फटाक से शिक्षा मंत्री हो जाएगा। इसलिए हर कोई फेल होना चाहता है। लेकिन फेल होना हर किसी के भाग्य में नहीं है! कमबख्त परीक्षक! वे खाली कॉपी में भी सफाई के नंबर देकर पास के चक्रव्यूह में फंसा देते हैं। ये तमाम शिक्षकों-परीक्षकों की साजिश है! जाने कैसे वे पास कर देते हैं? अगला साल भर फेल होने के लिए मेहनत करता है। लेकिन उस पर पानी फेर देते हैं। परीक्षा की कॉपियां परीक्षकों के बच्चे ही जांचते हैं और वे पास कर देते हैं। आखिर परीक्षक भी करें तो क्या? कमबख्त! फेल होना किसे अच्छा नहीं लगता है? बच्चे लोग फेल होने के लिए रात-दिन मेहनत भी करते है। ऐसे में जिनके इरादे और हौसले बुलंद हो तो निश्चित ही वे फेल होने के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। वे शानदार ढंग से फेल होकर सबके लिए एक नई मिशाल पेश करते है। कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, ये बात तो हर कोई कहता है। लेकिन अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी फेल न हो सकें तो फिर क्या करें? इस बात को कोई नहीं बताता। यदि ट्राई अगैन का फामूर्ला पूरा समझना है तो गुरुओं से समझो। अगर एक-दो बार कोशिश करने के बाद भी फेल नहीं हो तो क्या किया जाए? गुरु कहते हैं कि फेल होना ही जिंदगी का असली मकसद होना चाहिए। फेल होने में ही जिंदगी का सार है। जो फेल होता है वही संसार में सब पर राज करता है। जो पास हो जाते हैं, वे पढ़ते ही जाते हैं। फिर कोई छोटी सी नौकरी लग जाती है। फिर उसके बाद भी पढ़ते ही रहते। जिंदगी में पढ़ते-पढ़ते सड़ जाते हैं। इसलिए फेल होने में ही जिंदगी का असली आनंद आता है। जी भर कर कोशिश करते रहिए और फेल होने के लिए दम भरते रहिए। ए दोस्त, तेरी जिन्दगी की राह में पास कराने वाले हजारों दुश्मन आएंगे। असली खुशियां जब होगी जब आप फेल होकर दुनिया में अपना नाम रोशन कर जाएंगे। यहां सतत संघर्ष फेल होने का चल रहा है। गुरु परीक्षा में पास करने की साजिश रच रहा है। ए दोस्त हारना मत! फेल होने के लिए पूरा जोर लगा देना। बढ़िया तरीके से फेल होने के लिए पूरी अप्रोच लगा देना। जीवन के संघर्ष में पास होकर टूटा भी हूं और परेशान भी हूं मैं। लेकिन ए जिंदगी मैंने हार नहीं मानी और इस बार फेल होकर बहुत निखरा भी हूं मैं। जीवन के सफर में जो फेल होकर आगे बढ़ता जाता है।



रामविलास जॉंगिड़

# बड़ा पर्दा:सोहराब मोदी को थी फिल्में बनाने की लत




बॉलीवुड

कैलाश सिंह

जब सोहराब मोदी ने फिल्में बनाना छोड़ दिया था तब भी वास्तव में उन्होंने फिल्म बनाने का विचार नहीं छोड़ाथा। वह एक और फिल्म बनाना चाहते थे। इसलिए 1982 में जब वह 85 साल के थे और बामुश्किल ही चल फिरसकते थे, उन्होंने 'गुरु दक्षिणा' फिल्म का मुहूर्त आयोजित किया। सोहराब की फिल्में बनाने की दीवानगी कमजोरीकी हद तक थी, जिसका लोगों ने अनुचित लाभ उठाया और अग्रिम राशि अदा करने के कारण उन्होंने बहुतनुकसान उठाया क्योंकि मुहूर्त के दो दिन बाद उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया और फिर कभी नहीं उठे। उनकी पत्नी महताब ने 1986 में कहा था कि सोहराब को फिल्म बनाने की लत थी और तथ्य यह है कि फिल्म निर्माण के अतिरिक्त उनकी किसी चीज में दिलचस्पी नहीं थी। सोहराब मेरवांजी मोदी का जन्म बॉम्बे में 2 नवम्बर 1897 को एक पारसी परिवार में हुआ था। उनके पिता आईसीएस (इंडियन सिविल सर्वेंट) थे, जिनके 12 बच्चों में से एक सोहराब थे। सोहराब का बचपन अपने पिता की पोस्टिंग की वजह से रामपुर, उत्तर प्रदेश में बीता, जहां उनकी दिलचस्पी हिंदी व उर्दू भाषाओं में हुई। स्कूली शिक्षा समाप्त करने के बाद वह ग्वालियर में अपने बड़े भाई केकी मोदी के साथ रहने लगे जो जगह जगह जाकर नाटकों का मंचन किया करते थे, विशेषकर शेक्सपियर के नाटकों का।

सोहराब अपने भाई की कंपनी के साथ यात्रा करते और जब पर्दा गिरने पर दर्शकों की तालियां गूंजती तो उन्हें आत्मिक संतोष मिलता। अपने अभिनय व डायलॉग डिलीवरी की वजह से सोहराब का काफी नाम हुआ। सोहराब जब 16 बरस के हुए तो वह ग्वालियर के टाउन हाल में फिल्में प्रोजेक्ट करने लगे और 26 साल का होने पर उन्होंने आर्य सुभोध थिएट्रिकल कंपनी की स्थापना की।

बहरहाल, मूक फिल्मों में कुछ अनुभव प्राप्त करने के बाद सोहराब पारसी थिएटर के एक्टर बने। 1931 में साउंड फिल्मों के आगमन से थिएटर में लोगों की दिलचस्पी कम हो गई। मरती हुई कला को जिंदा करने के उद्देश्य से सोहराब ने 1935 में स्टेज फिल्म कंपनी स्थापित और अपने थिएटर के नाटकों को वह फिल्मों में बदलने लगे। 'खून का खून' (1935) 'हैमलेट' पर आधारित थी, जो नसीम बानो (सायरा बानो की मां) की पहली फिल्म थी। शेक्सपियर के ही 'किंग जॉन' पर आधारित दूसरी फिल्म 'सैद-ए-हवस' 1936 में आयी। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नाकाम रहीं। हालांकि नसीम बानो से सोहराब के संबंध पर विराम लग गया था, लेकिन दोनों फिल्मों में साथ काम करते रहे, जैसे 'शीश महल' (1950) और 'नौशेरवान-ए-आदिल' (1957)। सोहराब ने अपने से 20 साल छोटी महताब से 26 अप्रैल 1946 को शादी की। सोहराब उस समय 48 साल के थे। महताब का संबंध गुजरात के एक नवाब परिवार से था और उनका अपनी पहली शादी से इस्माइल नाम का एक लड़का भी था जो उनके व सोहराब के साथ ही रहता था। महताब ने अपना एक्टिंग डेब्यू सोहराब के निर्देशन में फिल्म 'परख' (1944) से किया था।

इस विवाह से उनके एक बेटा मेहेल्ली हुआ जो 1967 में इंग्लैंड में बस गया और बाद में उसने ब्रिटिश आर्टहाउस डीवीडी लेबल सेकंड रन स्थापित किया। सोहराब के बड़े भाई ने उनका परिचय श्री रामकृष्ण परमहंस मिशन से कराया। चूंकि उस समय तक श्री रामकृष्ण अपना शरीर त्याग चुके थे, इसलिए सोहराब ने पूज्य माता श्री शारदा देवी से आध्यात्मिक सलाह का आग्रह किया ताकि वह ईश्वर प्राप्ति के मार्ग पर चल सकें। उन्हें योग्य शिष्य के रूप में स्वीकार करते हुए पूज्य माता ने उन्हें मंत्र दीक्षा दी, कलकत्ता के उद्बोधन में। यह सोहराब के शुरूआती जीवन का किस्सा है। सोहराब ने 1936 में मिनर्वा मूवीटोन की स्थापना की, जिसके तहत वह प्रारम्भ में समकालीन सामाजिक मुद्दों पर फिल्में बनाया करते थे, जैसे 'मीठा जहर' (1938) शराब की लत पर थी और 'तलाक' (1938) हिन्दू महिलाओं के तलाक अधिकारों पर आधारित थी। लेकिन उनकी कंपनी ऐतिहासिक फिल्में 'पुकार' (1939), 'सिकंदर' (1941) व 'पृथ्वी वल्लभ' (1943) बनाने के लिए अधिक विख्यात हुई। यह फिल्में आज भी पसंद की जाती हैं 'यहूदी' के साथ, जिसमें सोहराब के साथ दिलीप कुमार व मीना कुमारी भी थे। 'सिकंदर' ने पृथ्वीराज कपूर को बॉलीवुड का सिकंदर बनाया और इस फिल्म की तुलना एक ब्रिटिश लेखक ने कालजयी फिल्म 'द बर्थ ऑफ ए नेशन' से की।

## आपकी बात

### कोचिंग का मकड़जाल

शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम है लेकिन अगर शिक्षा देने का तौर-तरीका ठीक नहीं होता है, तो इससे संपूर्ण देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। इसलिए अदालती टिप्पणियों, सरकारी बयानबाजी और प्रशासनिक कार्रवाई की सिफारिशों से मामला सुलझने वाला नहीं है। देश में विशेषकर जेईई, नीट और अन्य बड़ी प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े कोचिंग को हतोत्साहित करने, कोचिंग की जरूरत खत्म करने जैसी बयानबाजियां दशकों से चल रही हैं। इस बीच कोचिंग उद्योग अब कारपोरेट आकार ले चुका है और सरकार को इसमें मोटा टैक्स भी मिलता है। क्योंकि इन संगठित आकार के कोचिंग उद्योग पर सरकार 18 प्रतिशत की दर से भारी भरकम जीएसटी भी लगाती है। इस तरह कोई छात्र कोचिंग करके अपनी शिक्षा निखारने में मदद पाता है या नहीं यह सब उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है और सीधे सीधे सरकार और कोचिंग संस्थाएं मुनाफा काटती हैं। मुनाफे के इस खेल में जब सरकार भी शामिल हो गयी है, तो गैर जरूरी बयान बाजी का कोई तुक नहीं। ऐसा लगता है कि कोचिंग के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी करने के अलावा सरकार के पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। दरअसल कोचिंग कोई गलत चीज नहीं है। अगर छात्र स्कूल की शिक्षा से अपने पाठ्य विषय की अच्छी से तैयारी नहीं कर पा रहा है, तो उसे कोचिंग के जरिए मदद लेनी चाहिए इसमें कोई हर्ज नहीं है। यहां समस्या यह है कि स्कूल की पढ़ाई को ठेंगा दिखा कर सिर्फ कोचिंग के सहारे परीक्षा और प्रतियोगिता को पास करने का जुगाड़ किया जाने लगा है। यहीं से डमी स्कूल का कान्सेप्ट उभरा है।

**शिव प्रकाश पाण्डेय, लखनऊ.**

### सुरक्षा का अहसास

कानून व्यवस्था और आम आदमी को सुरक्षा का अहसास करना एक जटिल चुनौती बनती जा रही है। पूरे देश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल दर साल हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था कभी भी सरकारों के एजेंडे में नहीं रही। राजनीतिक दल लंबे चौड़े वायदे करते हैं लेकिन अगर वे कानून का राज ही कायम कर दें तो उनको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस भी अब अपने उद्देश्यों में भटक गयी हैं। पुलिस ने अपराध रोकने के लिए जिस रणनीति पर काम किया वह पूरी तरह फ्लॉप तो हुई ही है, उससे सरकार की काफी किरकिरी भी हुई है। पुलिस बड़े अपराधियों को चिन्हित करके एनकाउंटर अभियान चलाती रहती है और इसकी आड़ में थाने और चौकी के छुटभैये वसूली अभियान चलाते हैं। पुलिस का सूचना तंत्र लगातार कमजोर होता रहा। अपराधों पर उसकी पकड़ पूरी तरह ढीली पड़ गयी है और पूरा का पूरा पुलिस महकमा प्रतिक्रियावादी ढर्रे पर चलते हुए अपराध होने पर लकीर पीटने तक सिमट गया है। प्रदेश में कोतवाली, थाना और चौकियों का संजाल है। अगर पुलिस तंत्र मुस्तैद रहे तो उसके पास सारी सूचना मौजूद होनी चाहिए और अपराध होने से पहले वांछितों की गिरफ्तारी, बेदखली या बांड आदि भराकर घटना को रोका जा सकता है। लेकिन पुलिस ने अपना जो खौफनाक चेहरा गढ़ा है उसमें अब शांतिप्रिय लोग पुलिस से मतलब नहीं रखते। सिर्फ दलाल, अपराधी किस्म के लोग पुलिस के आगे पीछे-घूमते हैं। पुलिस से लोगों के दूर रहने के कारण सामाजिक तनाव, दुश्मनी व आपसी विवाद को लेकर वास्तविक सूचनाएं उसके पास नहीं होती हैं। जब सूचनाएं नहीं होंगी तो घटनाएं रोकना भी मुश्किल है। यही कारण है कि ताबड़तोड़ हत्या, दुराचार, डकैती के साथ बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, बिलिंग सेंटर अपराधियों के निशाने पर हैं। पुलिस में लगातार भर्तियां हो रही हैं लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। देश के कुल अपराधों में 10 फीसद अकेले यूपी से होते हैं। इसलिए कानून के राज का अहसास होना भी जरूरी है।

**विक्रम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## आईजीआरएस की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित एवं प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान ही प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में की गई कार्यवाही का स्पष्ट एवं तथ्यात्मक विवरण आईजीआरएस पोर्टल पर अंकित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को पूरी जानकारी प्राप्त हो सके। इसके लिए शिकायतों का निस्तारण अपलोड करते समय मौका मुआयना अवश्य किया जाए।

# जिला कारागार से दो बंदी फरार



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था में गुरूवार को बड़ी सेंध लगने का मामला सामने आया। जेल में निरुद्ध दो बंदी सुबह फरार हो गए, जिससे जेल प्रशासन से लेकर पुलिस महकमे तक हड़कंप मच गया। फरार बंदियों में गोलू अग्रहरि निवासी अमेठी और शेर अली निवासी सुल्तानपुर शामिल हैं। डीआई जी एस के मैत्रेय, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डा गौरव ग्रोवर ने जेल पहुंच कर निरीक्षण किया है।जानकारी के अनुसार गोलू अग्रहरि इनायतनगर थाना क्षेत्र में दर्ज पाक्सो एक्ट के मामले में लगभग एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद था, जबकि शेर अली चोरी के मामले में करीब एक साल से कारागार में निरुद्ध था। गुरुवार सुबह बंदियों की गिनती के दौरान दोनों के गायब होने की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों बंदियों ने बर्तन की मदद से खुदाई का औजार तैयार किया और जेल के पीछे की दीवार के पास खुदाई कर बाहर निकलने में सफल रहे। इसके बाद वे बाहरी बाउंड्री वॉल फांदकर फरार हो गए। घटना सामने आते ही जेल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मामले में कोतवाली नगर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। अधिकारियों का कहना है मामले में जिन कर्मचारियों की लापरवाही सामने आएगी उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। वहीं फरार बंदियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही दोनों बंदियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले की विस्तृत जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।डीआईजी जेल एसके मैत्रेय ने जिला कारागार का निरीक्षण के बाद बताया दोनों बंदियों ने रोशनदान की कुछईंट निकाल कर सेल से बाहर निकले। कंबल काट कर रस्सी बनाई तथा इमली की पेड की सहायता से बाहरी बाउड्री वॉल फांद कर गए।मौके से 25 फीट लम्बा बांस व सरिया तथा कम्बल के टुकड़े बरामद किए गए है। पूरे मामले की जांच रिर्पोट भेजी जा रही है जिसके बाद लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।वहीं जिला कारागार अयोध्या से दो बंदियों के फरार होने पर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

- रोशनदान की कुछईंट निकाल कर सेल से निकले बाहर, कंबल काट कर रस्सी बनाई व इमली की पेड की सहायता से बाहरी बाउड्रीवॉल फांदकर हुए फरार
- डीआईजी जेल एसके मैत्रेय ने कारागार का किया निरीक्षण, जेल अधीक्षक समेत दस सस्पेंड




डीजी जेल पीसी मीणा ने ऐक्शन लेते हुए वरिष्ठ जेल अधीक्षक यूसी मिश्रा को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही जेलर जेके यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी को भी निलंबित कर दिया है।यही नहीं ड्यूटी पर तैनाती के दौरान लापरवाही पर हेड जेल वॉर्डर व तीन जेल वॉर्डर को भी सस्पेंड कर दिया है।

## डीजे संचालकों के दो जनरेटर चोरी

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में विगत एक सप्ताह के अंदर चोरी की ताबड़तोड़ घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।कुमारगंज थाने के नवागत थानाध्यक्ष की नाक में चोरों ने दम कर दिया है। थाना क्षेत्र स्थित बड़ी नहर उधुई के पास से बेखौफ चोरों ने दो डीजे संचालकों के डीजे वाहन पर रखे दो जनरेटर पार कर दिए हैं घटना की जानकारी के बाद पीड़ित डीजे संचालकों ने घटना के संबंध में मुकदमा कायम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि पुलिस ने अभी प्रकरण में कोई प्राथमिकी तो नहीं दर्ज की अलबत्ता घटना की जांच पड़ताल जरूर शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक उधुई गांव के पास अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे उधुई गांव निवासी मुकेश कुमार एवं एस कुमार डीजे एंड साउंड सर्विस के प्रोपराइटर रवि पांडे निवासी भीमा ताली थाना इनायत नगर के डीजे वाहन विगत कुछ दिनों से खड़े थे। बीती 28/29 जनवरी की रात बेखौफ चोरों की नजर डीजे वाहन पर रखे जनरेटर पर गड़ गई। चोरों ने दोनों जेनरेटरों को अपना निशाना बना लिया और पिकअप वाहन पर लड़े दोनों जनरेटर पार कर दिए।

## भगवान की भक्ति के बिना मानव का जीवन बुझी हुई राख जैसेः गोविंदाचार्य



**बंकी, बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा मे नैमिषारण्य से पधारे पूज्य गोविंदाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति के बिना मानव का जीवन ठीक वैसे ही है जैसे बुझी हुयी राख मे हवन करने के समान होता है।इसके उपरान्त गोंविदाचार्य ने भागवत के पवित्र कथाओं जैसे भीष्म चरित्र, कुन्ती स्तुती, परम हंस शुकदेव जी का जन्म, परिक्षित जी जन्म, विराट भगवान के रूप का वर्णन कर भक्तो को भावविभोर किया।इस मौके पर अशोक कुमार मौर्य, ममता, रामनाथ मौर्य, आशा देवी, शिवमित्र मौर्य, कामिनी देवी, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जंगल में आग की सूचना के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बहराइच ।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच में अग्निकाल 2026 (15 फरवरी से 30 जून 2026 तक) में आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने एवं सूचना प्राप्त करने के लिए प्रभाग कार्यालय, बहराइच में नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गयी है जो चौबिसों घण्टे (राउण्ड-द-क्लाक) कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष का नम्बर 05252-232498 है।

यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट सूरज ने वन्य जीव प्रभाग के आस-पास रहने वाले नागरिकों, पर्यटकों एवं वन्य जीव प्रेमियों से अपील की है कि प्रभाग के किसी भी क्षेत्र में अग्नि की घटना की जानकारी होने पर कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05252-232498 अथवा डीएफओ कतर्नियाघाट के सी.यू.जी. नम्बर 7839435102 पर सूचित कर वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

## वार्षिकोत्सव मे विजयी छात्रों को किए गये पुरस्कार वितरण



**बाराबंकी।** विकासखण्ड बंकी अन्तर्गत राजकीय हाई स्कूल भनौली में वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजकीय इण्टर कालेज प्रधानाचार्य राधेश्याम, कवि प्रदीप सारंग व विशिष्ट अतिथि राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रधानाचार्य नंदिता सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे वर्षपर्यंत उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डा0 मंजू श्रीवास्तव, सदानंद वर्मा, सरोज सिंह, बरखा जायसवाल, वर्षा जैन, नीलम मौर्या, रानी सिंह, पूजा गुप्ता, नीलम, वीरेन्द्र सिंह, लक्ष्मी, गूंजना, नीता वर्मा, जय कुमार कश्यप मौजूद रहे।

## बांसुरी वादन में रमा वर्मा ने प्रदेश में पाया द्वितीय स्थान




**सोहावल-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2026 को संत गाडगे प्रेक्षागृह में आयोजित उल्लास उत्सव के अंतर्गत हुए प्रादेशिक संगीत पुरस्कार वितरण समारोह में अयोध्या की बेटी सुश्री रमा वर्मा ने बांसुरी वादन प्रतियोगिता में ऑल ओवर उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया।इस अवसर पर पुरस्कार वितरण डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि सुश्री रमा वर्मा इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से प्रतिभाग करने वाली इकलौती महिला बांसुरी वादक रहीं।जिन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।सुश्री रमा वर्मा अयोध्या कलेक्ट्रेट में कार्यरत शीतला प्रसाद वर्मा की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता से परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं जनपदवासियों में हर्ष का माहौल है।

परिजनों एवं क्षेत्रवासियों ने रमा वर्मा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की है कि वह आगे भी अपने जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगी।

# अयोध्या में राम भक्तों का अभिनंदन करेगा भरत द्वार

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या आने वाले राम भक्तों का हार्दिक अभिनंदन करने के लिए भरत द्वार का निर्माण तेजी से चल रहा है। योगी सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना में से एक यह भव्य प्रवेश द्वार अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग पर (मैनुदीनपुर प्रयागराज मार्ग) गेट कॉम्प्लेक्स (टी०एफ०सी०) क्षेत्र में बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत यू.पी. प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा है। भरत द्वार का निर्माण 4.410 हेक्टेयर क्षेत्र में हो रहा है, जिसकी कुल लागत लगभग 2024.90 लाख रुपये है।

- 2024.90 लाख से बन रहे भरत द्वार का 90 फीसदी कार्य पूरा
- पर्यटन विभाग की परियोजना पर यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड कर रहा निर्माण



वर्तमान में इस परियोजना का करीब 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अगले माह यानी फरवरी 2026 तक सभी निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने का लक्ष्य है, और इसी माह के आस पास ही इसका लोकार्पण संभव है। यह द्वार अयोध्या नगरी में प्रवेश करने वाले राम भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए प्रथम स्वागत स्थल के रूप में कार्य करेगा, जहां भगवान राम के छोटे भाई भरत की भक्ति और मयार्दा का प्रतीकात्मक स्वागत होगा। योगी सरकार ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या को विश्व स्तर का पर्यटन केंद्र बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें अयोध्या से जुड़ने वाले प्रमुख छह मार्गों पर रामायण से प्रेरित भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण शामिल है। इनमें राम द्वार, लक्ष्मण द्वार, शत्रुघ्न द्वार, भरत द्वार, सीता द्वार और हनुमान द्वार जैसे नाम शामिल हैं।

अयोध्या- सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित भरत द्वार इसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्वार न केवल सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक होगा, बल्कि इसमें रामायण काल की थीम पर आधारित मूर्तियां, नक्काशी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाएं भी होंगी, जो आने वाले तीर्थयात्रियों को त्रेता युग की याद दिलाएंगी। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। लाखों-करोड़ों राम भक्त प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में शहर के प्रवेश द्वारों को भव्य बनाने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भरत द्वार का निर्माण इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। भरत जी की राम भक्ति की मिसाल को जीवंत करते हुए यह द्वार राम भक्तों का भावनात्मक रूप से अभिनंदन करेगा। पर्यटन विभाग की इस परियोजना में स्थानीय कारीगरों, वास्तुकारों और इंजीनियरों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, ताकि परंपरागत भारतीय शिल्पकला और आधुनिक तकनीक का सुंदर संगम हो सके।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**बहराइच ।** मिशन शक्ति 5.0द्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।मिशन शक्ति 5.0द्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# सभागीय निरीक्षक प्राविधिक ने किया मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का निरीक्षण

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने जनपद मे संचालित विभिन्न मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का औचक निरीक्षण मानको की जांच की। इस दौरान दस्तावेजों, वाहनों की स्थिति, प्रशिक्षकों की योग्यता और मान्यता नियमों की गहनता से निरीक्षण कर कमियां मिलने पर सुधार करने और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। आज बृहस्पतिवार को सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने ए टू जेड़ मोटर ड्राइविंग टेजनिंग स्कूल कबीरपुर, जे0पी ड्राइविंग टेजनिंग स्कूल, न्यू महावीरा मोटर ड्राइविंग टेजनिंग स्कूलो का निरीक्षण करते हुये ट्रेनिंग गुणवत्ता, पत्रावलियो एंव ड्राइविंग सिखाने के लिए योग्य प्रशिक्षकों की उपस्थिति की जांच करते हुये सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तो वही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने विभिन्न मार्गो मे चेकिंग के दौरान 3 ओवरलोड़ वाहन व 1 अनाधिकृत रुप से संचालित बस संख्या यू0पी 50 ई0टी 8770 पर मानको का उल्लंघन मिलने पर सीज किया। तथा अन्य अभियोगो मे 35 चालान किये।

- दस्तावेजों, वाहन स्थिति, प्रशिक्षकों की योग्यता, मान्यता नियमों की जांच
- चेकिंग मे एआरटीओ ने किये 3 ओवरलोड़ व 1 अनधिकृत बस सीज, 35 चालान



## डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**बहराइच ।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा संरक्षण समिति की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम वषार्काल 2026 में आयोजित होने वाले वृक्षारोपण अभियान पर चर्चा के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि की उपलब्धता के अनुसार पौध रोपण के लिए विभागीय कार्ययोजना तैयार कर बहराइच वन प्रभाग को उपलब्ध करा दें।



बैठक का संचालन करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा ने समिति के सदस्यों को कार्बन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत किसानों द्वारा किये गये वृक्षारोपण के सापेक्ष मिलने वाले अनुदान के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई ताकि किसानों की अतिरिक्त आय हो सके। डीएम ने डीएफओ को निर्देश दिया कि विभागीय नर्सरी में नर्सरीवार व प्रजातिवार तैयार पौधों की सूचना स्थानीय ग्रुप पर शेयर कर दें ताकि सम्बन्धित विभाग नजदीकी नर्सरी से पौधों के उठान की कार्ययोजना तैयार कर लें।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में समस्त विभागों को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य व अर्जित की गई उपलब्धि से सम्बन्धित सूचना निर्धारित प्रपत्र पर प्रत्येक माह प्रभागीय वनाधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते रहें। डीएफओ द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि टारगेट व अचीवमेन्ट की सूचना निर्धारित 05 प्रपत्रों में प्रेषित करें यदि किसी माह लक्ष्य पूरा न हो सके तो रिपोर्ट में कारण सहित उसका उल्लेख भी किया जाय। बैठक के दौरान कूड़ा सेग्रीगेट, ई-वेस्ट, समस्त निकायों से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट, के निस्तारण साथ ही निर्माण एवं अस्पतालों से उत्पन्न जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, ई-वेस्ट निस्तारण तथा औद्योगिक प्रदूषण की निगरानी आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम जिला परियोजना अधिकारी को संविदा आधारित नियुक्ति किए जाने के संबंध निर्देश दिए गए। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनमानस में नदियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता किया जाय तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अपशिष्ट का निस्तारण मानक के अनुसार कराये जाने हेतु प्रभावी निगरानी की जाय।

## आंगनबाड़ी वर्करों ने किया प्रदर्शन , राजकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग



**बहराइच ।** जिला मुख्यालय पर आज आंगनबाड़ी वर्करों व सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा । आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संगठन के बैनर तले आज जिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थित धरना स्थल पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी वर्करों ने प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय धरना दिया ।इस दौरान जिला अध्यक्ष सुनीता आर्या ने कहा कि हम लोग अपनी मांगों को लेकर आज धरना दे रहे हैं ।उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांग हम सभी को राजकीय कर्मचारी का दर्जा देने के साथ गैर विभागीय कार्यों से अलग रखने , सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने के साथ कोरोना काल से अब तक रिटायर वर्करों को पेशन देने को लेकर हम सभी यहां एकत्र हुए है ।इस दौरान सभी ने अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा ।इस मौके पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री मौजूद रही ।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीएम योगी का जताया आभार



अयोध्या। बहुप्रतीक्षित कैशलेश सुविधा के प्रस्ताव को कैबिनेट से मिली मंजूरी से बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कार्यरत,शिक्षक ,शिक्षामित्र ,अनुदेशक ,रसोइया सभी को प्रदान करने के अत्यंत ही जनकल्याणकारी कार्य करने हेतु संगठन ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।जिलाध्यक्ष अवधेश यादव ने आभार प्रदर्शित करते हुए कहा कि शिक्षक के साथ शिक्षामित्र रसोइया अनुदेशक को शामिल करना वास्तव में सराहनीय कदम है। बड़ी बीमारियों की स्थिति में ऐसे कर्मचारी बड़े असहाय स्थित में हो जाते थे। अब इनको गंभीर की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान हो पाएगी। जिला मंत्री अशोक वर्मा ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि शिक्षकों के लिए यह वास्तव में बहुत बड़ी संजीवनी है बस इसको लागू करने की औपचारिकताएं शीघ्र और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो जाएं। जिला कोषाध्यक्ष फूल चंद्र सरोज ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ मनुजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष शशि यादव एवं डॉ मुकेश आनंद, डॉ मानसी द्विवेदी जिला संयुक्त मंत्री अजय वर्मा,, जिला संगठन मंत्री प्रदीप मौर्य,जिला उपमंत्री नंदकुमार ,ब्लॉक अध्यक्ष हैरिंग्टनगंज गंज रंजीत यादव,ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली अशोक यादव ,प्रतीक वर्मा,ब्लॉक संयोजक सोहावल उमाशंकर ,सूरजप्रकाश, राममूर्ति राय,विजय यादव,शाहबुद्दीन ,शमशाद जकिया, राजकुमार वर्मा,सुनील मौर्य,राम सुरेश ,मानवेंद्र वर्मा,इंद्रभान वर्मा,अशोक रावत,शिवनाथ, अनिल कुमार ,दुर्गेश यादव,राधेश्याम रावत,योगेश यादव,राम नगीना यादव,राम अंजोर यादव, रीता चैहान,प्रेमलता यादव,सीमा विश्वकर्मा,मंजू वर्मा,अतिया समीम ,शांति वर्मा,किरण वर्मा,सीमा वर्मा,अर्चना , ममता वर्मा,ज्योतिमा पांडेय ,राम जन्म ,राम सहाय,राम प्रकाश,प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष मवई, राकेश वर्मा,अमूल्य यादव,चैथी राम वर्मा,तिलक राम यादव आदि ने इस अत्यंत कल्याणकारी और सराहनीय कार्य के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी और शिक्षक हितों के लिए सतत संघर्ष कर रहे एआईपीटीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय का हार्दिक आभार प्रदर्शित किया।

# राष्ट्रीय फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता में यूपी टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**बाराबंकी।** आरसीएफ ग्राउंड, अलीबाग महाराष्ट्र में 22 से 26 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता में वाजिहुद्दीन अंसारी के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश की 26 सदस्यीय टीम ने शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किये। इस ऐतिहासिक सफलता पर इंडोर फील्ड आर्चरी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी ने खिलाड़ियों एवं कोचिंग स्टाफ को प्रदेश का नाम रौशन करने हेतु बधाई दी। तो वहीं संगठन की महासचिव निधि जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी वर्ष 2026 के अंत में होने वाली अंतरराष्ट्रीय फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस 9 स्पॉट इवेंट में उत्तर प्रदेश टीम ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमे गुरविंदर को 50,000 तथा अर्जुन को 25,000 की पुरस्कार राशि सौपी गई। अंडर-10 वर्ग सिंगल एवं मिक्स्ड स्पॉट मे आदित्री शुक्ला मिक्स्ड स्पॉट में प्रथम व टीम इवेंट में द्वितीय, आराध्य शुक्ला टीम इवेंट में तृतीय, धृति मिश्रा सिंगल स्पॉट टीम इवेंट में द्वितीय, अरुही कसेरा सिंगल स्पॉट टीम इवेंट में द्वितीय, अंडर-17 वर्ग मे कुनाल चैधरी व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान व टीम इवेंट में तृतीय, शौर्य मिश्रा व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय, अभिनव पटेल टीम इवेंट में तृतीय, अंडर-19 वर्ग मे ऋषभ कुमार व्यक्तिगत वर्ग में द्वितीय, विवेक कश्यप तृतीय, सीनियर कंपाउंड वर्ग में सुमित कुमार व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक व टीम इवेंट में रजत पदक, मिक्स स्पॉट मे साहिल बावेजा स्वर्ण पदक व टीम इवेंट में स्वर्ण पदक, जतिन पांडेय मिक्स स्पॉट में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक, शिवम राठी व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक व टीम इवेंट में कांस्य पदक, अर्जुन चैधरी टीम इवेंट में कांस्य पदक, राजेश बिश्नोई व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक व टीम इवेंट में रजत पदक, रोहित राणा टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किये।

- भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी ने खिलाड़ियो को दी बधाई
- गुरविंदर को 50,000 व अर्जुन को 25,000 पुरस्कार राशि सौंपी गयी



## जिला सैनिक बंधु की हुई बैठक

अयोध्या। अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के विभिन्न विषयक प्राप्त कुल 06 नवीन प्रार्थना-पत्रों को अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुये सभी का मौके पर निस्तारण किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने पूर्व सैनिकों/आश्रितों को जिला प्रशासन की ओर से सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा उनकी समस्याओं/शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले० कर्नल संजीव कुमार ने सैनिक कल्याण से सम्बन्धित शासकीय योजनाओं इत्यादि से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिजनो के अतिरिक्त विभिन्न प्रशासकीय कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक, यातायात, सहायक अभियन्ता प्राधिकरण तोमर, एवं सैनिक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक जगदीश प्रसाद सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोतवाली पुलिस ने ठगी के शिकार युवक को धनराशि वापस करायी



**बहराइच।** आज दिनांक 29.01.2026 को थाना को0 मुर्तिहा क्षेत्र के एक व्यक्ति के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ?40,000/- की धनराशि अनधिकृत रूप से ट्रांसफर कर ली गई थी। पीड़ित द्वारा तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके फलस्वरूप ठउपद्ध पोर्टल के माध्यम से धनराशि को होल्ड कराया गया। बैंक से समन्वय स्थापित कर साइबर हेल्प डेस्क टीम के प्रयासों से पीड़ित की संपूर्ण धनराशि ?40,000/- उसके खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

संक्षेप

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षा उन्मुखीकरण संगोष्ठी आयोजित

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर गुरुवार को ग्राम प्रधान व स्थानीय प्राधिकारी निकाय सदस्यों की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। खैरहा प्राथमिक विद्यालय व महमूदपुर जंगल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, राष्ट्रीय गीत एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं उघडपुर भटपुरा कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने बालिका शिक्षा पर आधारित एकांकी प्रस्तुत कर अभिभावकों को बाल विवाह के बजाय शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। खरगपुर के प्रधान अमित कुमार सिंह, हमजाबाद गिरिजा सिंह, शुकुल दुलैचा के सुनील पांडेय, खडसरा कृपा शंकर मिश्र, मुडहा सुल्तान अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## 21 नवजात कन्याओं का हुआ कन्या जन्मोत्सव

**रायबरेली।** जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन केक कटवाकर और नवजात बालिकाओं को बेबी किट और कॉफी मग वितरित कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य द्वारा अपने वक्तव्य में बताया गया कि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना ही नए भारत की नींव है। बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा एवं अधिकारों पर जोर दिया गया तथा समाज से बाल विवाह न करने की अपील की गई। कार्यक्रम में बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे रोकने हेतु कानूनी प्रावधानों और विभागीय प्रयासों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीनियर स्टाफ नर्स शशिबाला सिंह, कनिष्ठ सहायक रामकरण, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, यशवीर सिंह, राहिल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## मनोज कुमार ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पाण्डेयपुर बरौंसा निवासी मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र महादेव पाण्डेय ने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वह भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राजस्थान) के कृषि विभाग में शोधार्थी रहे हैं। मनोज कुमार ने 27 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक अपनी पीएच.डी. की मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने प्रोफेसर डॉ. आर. पी. सिंह के निर्देशन में पादप रोग विज्ञान विषय पर शोध कार्य किया। उनके शोध का मुख्य उद्देश्य प्याज (एलियम सेपा एल.) में स्टेम्फिलियम वेसिकेरियम के कारण होने वाली स्टेम्फिलियम ब्लाइट रोग का पैथोलॉजिकल अध्ययन एवं उसके प्रभावी प्रबंधन से जुड़ा रहा। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर मनोज कुमार पाण्डेय ने न केवल अपने परिवार, गुरुजनों और विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे जनपद को भी गौरवान्वित किया है।

# आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा 10 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन




**रायबरेली।** जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकताओं व सहायिकाओं की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर विकास भवन प्रांगण में एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने में जनपद के सभी विकास खंडों से लगभग 2000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं। धरना-प्रदर्शन के दौरान मंच से तीनों संगठनों के सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला संरक्षकों ने क्रमवार संबोधन किया। वक्ताओं ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं की सेवा-परिस्थितियों, मानदेय, सामाजिक सुरक्षा, सम्मान एवं भविष्य की अनिश्चितता पर विस्तार से अपनी-अपनी बातें रखीं तथा सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुप कुमार मिश्र (जिला संरक्षक), विक्रम सिंह (जिला संरक्षक), राकेश कुमार शुक्ल (जिला संयोजक), मंजू सिंह (जिला अध्यक्ष), बीना सिंह (जिला अध्यक्ष), लीना त्रिपाठी (जिला अध्यक्ष), सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकार की सबसे मजबूत जमीनी कड़ी हैं, फिर भी उन्हें आज तक स्थायी कर्मचारी का दर्जा एवं सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल सकी है। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पूर्णकालिक कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान, पेंशन एवं ग्रेच्युटी, 65 वर्ष सेवानिवृत्ति आयु,नियमित पदोन्नति, पोषण ट्रैकर हेतु मोबाइल व डाटा भत्ता आदि केंद्रों की मूलभूत सुविधाएं अब केवल मांग नहीं बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं का अधिकार है।

## टेल तक नहीं पहुंचता पानी

**मुसाफिरखाना,अमेठी।** 1970 के दशक में स्थानीय किसानों की बेहतरी के लिए सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बनाई गई देवकली सादीपुर माइनर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व उदासनीनता का शिकार हो गई।यूं तो प्रतिवर्ष देवकली सादीपुर माइनर की साफ सफाई के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट होती है किंतु नहर में पानी शायद ही कभी टेल तक पहुंचता हो । मुसाफिरखाना विकास क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कई ग्राम पंचायतों के किसानों की सुविधा के लिए देवकली सादीपुर माइनर आज भी अपने अस्तित्व में बरकरार है किंतु बीते कुछ वर्षों से नहर में पानी मात्र दिखावे के लिए ही आता है।किसान शायद ही नहर के पानी से सिंचाई कर पाए हो ।

## मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना अंतर्गत परशदेपुर चैकी क्षेत्र में एक दिन पहले घर से मजदूरी करने निकले एक दिहाड़ी मजदूर का संदिग्ध हालत में खेत में शव मिलने से गांव में हड़कम्प मच गया। पति की मौत से पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे चैकी इंचार्ज मोहित कुमार ने जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक चैकी क्षेत्र के महेशपुर मजरे मधुकरपुर गांव निवासी रामनिहोर पटेल 55 वर्ष बुधवार को गांव के ही पूर्व कोटेदार के खेत में पानी लगाने के लिए गया था। शाम होने के बाद भी घर नहीं पहुचे तो परिजनों ने खोज बीन की लेकिन कहीं कुछ पता नही चला। कोटेदार के बेटे त्रिदेव ने बताया की राम निहोर एक बजे ही चले गए थे। वहीं बृहस्पतिवार की सुबह खोजबीन के दौरान ही राम निहोर का शव गेंहू के खेत में देखा गया और इसकी सूचना परिजनों को दी गई। आनन फानन में परिजन खेत पहुंचे तो शव देख दंग रह गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चैकी इंचार्ज मोहित शर्मा ने जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति की मौत से पत्नी जग्गू देवी पूरी तरह से सहम गई है।

रोते बिलखते हुए मृतक की पत्नी के मुख से यही शब्द बार बार निकलता है कि ह्यहे भगवान अबैय तो ठीक ठीक गएन रहे इकाव होइ गवाह्यह्य और रोने लगती। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बेटे सुनील कुमार ,विनोद कुमार ,मनोज कुमार व बेटी मोहिनी और रागिनी को छोड़ गया। मृतक दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के भाई जागेश्वर पटेल ने बताया कि बुधवार को मजदूरी करने गए थे शाम तक घर वापस नही लौटे तो खोजबीन की गयी पर कहीं पता नही चला। बृहस्पतिवार सुबह गेंहू के खेत में शव मिला। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## छतोह में मनरेगा बचाओ संग्राम आज

**नसीराबाद, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस 30 जनवरी को प्रदेश के हर ब्लॉक में मनरेगा बचाओ संग्राम आयोजित किया जा रहा है। सलोन विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड छतोह के बाजार संडहा कुटिया में शुक्रवार दोपहर 2 बजे से ब्लॉक स्तरीय चैपाल का आयोजन किया गया है। कांग्रेस के जिला सचिव और ब्लॉक छतोह के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में तमाम मनरेगा मजदूरों और ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है।

## चार विभूतियों को मिली विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सामाजिक कार्य, हिंदी भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से उल्लेखनीय योगदान के लिए जनपद सुलतानपुर के सौरभ मिश्र विनम्र, ऋषभदेव शुक्ल, शिखा शुक्ल और शनि मिश्र को वाराणसी में ह्यविद्या वाचस्पतिह्न की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, समाज सेवा और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में निरंतर और सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य समारोह वाराणसी के रामकटोरा स्थित महामना मालवीय सभागार में काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से विद्वान, शिक्षाविद, साहित्यकार और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात कवि डॉ. हरेंद्र हर्ष रहे। कार्यक्रम के आयोजक इंद्रजीत तिवारी ने सुलतानपुर की इन विभूतियों के योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब अंग्रेजी भाषा का प्रभाव बढ़ रहा है, ऐसे समय में हिंदी को उसकी गरिमा दिलाने का कार्य इन शिक्षकों और समाजसेवियों द्वारा किया जा रहा है। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र के सामाजिक कार्यों की विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रति उनकी चिंतनशील सोच और सेवा भाव उन्हें इस सम्मान का वास्तविक अधिकारी बनाता है। सौरभ मिश्र विनम्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण, यातायात जागरूकता, एंबुलेंस को रास्ता देने का अभियान, बेसहारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाने जैसे अभिनव प्रयास किए गए। इसके अलावा 1100 नीम के पौधरोपण कर उन्होंने एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। उन्हें पूर्व में राज्य परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा ह्यसजग नागरिक सम्मानह्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। सम्मान प्राप्त होने पर राजकुमार मिश्र, अमरजीत मिश्र, सर्वेश कांत वर्मा, कांति सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, शीतला प्रसाद पांडेय, नफीसा खातून सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।

## गोकशी की योजना बना रहे 2 आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रोहसी गांव के निकट नाले के किनारे कुछ लोग गोकशी करने की योजना बना रहे हैं। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि 3 व्यक्ति जिनमें से 2 पुरुष व 1 महिला हैं, एक गाय के बछड़े को जमीन पर गिराये हुए थे। पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी करने पर अभियुक्तगण द्वारा भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली से 1 अभियुक्त व 1 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। नाम पता पूछने पर अभियुक्त ने अपना नाम मोहर्रम अली पुत्र मेंहदी हसन निवासी रोहसी खुर्द थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष बताया तथा अभियुक्ता ने अपना नाम आयशा बानो पत्नी मोहर्रम अली निवासी ग्राम रोहसीखुर्द थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 41 वर्ष बताया। अभियुक्तों के कब्जे से 1 लकड़ी का ठीहा, चापड़ प्लास्टिक के झोले में तराजू, रस्सी, पालीथीन, लोहे का बांट बरामद हुआ। पूछताछ करने पर अभियुक्त मोहर्रम अली ने बताया वह, उसकी पत्नी आयशा बानो व अन्य तीसरा व्यक्ति जो मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मिलकर छुट्टा गोवंशों को पकडकर इसी नाले के पास लाकर गोकशी करते हैं। आज भी वह तीनों लोग मिलकर बछड़े को लाकर गोकशी करने की तैयारी कर रहे थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## बैसवारे के लाल मेजर जनरल को विशिष्ट सेवा मेडल



**रायबरेली।** बैसवारे के लाल मेजर जनरल दिग्विजय प्रताप सिंह को विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने देश की सेवा की और अपने बेटे को भी देश की सेवा में लगा दिया है। विशिष्ट सेवा मेडल मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड गयी।

लालगंज क्षेत्र के बेहटा कला के रहने वाले मेजर जनरल दिग्विजय प्रताप सिंह को गणतंत्र दिवस पर विशिष्ट सेवा मेडल देकर सम्मानित किया गया है। उनके पिता कर्नल स्व. राघवेंद्र प्रताप सिंह भी सेना के एजुकेशन कोर में कर्नल थे, जबकि मां विद्यावती गृहणी है, पत्नी निशा सिंह सोशल वर्कर हैं। उनका बेटा विक्रांत प्रताप सिंह वर्तमान में मेजर हैं। उनके बाबा सधऊ सिंह क्षेत्र के बडे समाजसेवी थे। जबकि दादा जेल अधीक्षक स्व. हरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र के युवाओं के लिए बेहतर काम किया था। उनके चचेरे भाई अवधेश प्रताप सिंह सीआईएसएफ में डीआईजी हैं। वैसे इस गांव का सेना से लगाव काफी पुराना है। मेजर जनरल डीपी सिंह कई आपरेशनों में शामिल रहे। देश की रक्षा के करने जम्मू कश्मीर से लेकर कई कठिन जगहों पर तैनात रहे। उनको विशिष्ट सेवा मेडल मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गयी है। राना बेनी माधव बक्स सिंह के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सरंक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, रवींद्र सिंह, प्रो.ओपी सिंह, अशोक सिंह रामपुरी, राकेश सिंह भदौरिया, अनूप पांडे, अभिषेक विक्रम सिंह समेत अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक ऐसा परिवार है जहां पर तीन पीढिंया देश की सेवा के लिए सीमाओं पर तैनात हैं।

# यातायात नियमों को लेकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



**सुलतानपुर (वीओएल)।** देश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक यातायात सुलतानपुर राम निरंजन के नेतृत्व में गोपाल पब्लिक स्कूल, ओम नगर बघराजपुर में स्कूली बच्चों एवं अध्यापकों के साथ एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार के दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए उनके नियमित पालन के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। बच्चों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सही लेन में वाहन चलाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने तथा पैदल चलते समय सावधानियां बरतने के बारे में बताया गया। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा की बुनियादी जानकारी भी दी तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ह्नराहवीर योजनाह्न पर प्रकाश डाला। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार नागरिक को पुरस्कार एवं सम्मान दिए जाने की जानकारी दी गई, जिससे अधिक से अधिक लोग आगे आकर घायलों की सहायता कर सकें। प्रभारी निरीक्षक ने छात्रों को स्टंटबाजी, ओवर स्पीडिंग और लापरवाही से वाहन चलाने से बचने की सख्त सलाह दी और कहा कि युवा वर्ग की जागरूकता से ही सुरक्षित सड़कें संभव हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार श्रीवास्तव, कार्यवाहक प्रबंधक श्री शैलेंद्र बरनवाल, सभी विषय अध्यापक व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रभारी निरीक्षक यातायात ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम जनपद के अन्य विद्यालयों एवं संस्थानों में भी शीघ्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंच सके।

# चंदन हत्याकांड से खुली संगठित गैंग की परतें गैंग लीडर समेत तीन पर गैंगस्टर एक्ट

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** वर्ष 2025 में हुए चर्चित चंदन शर्मा हत्याकांड की विवेचना के दौरान जयसिंहपुर पुलिस ने एक सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह का खुलासा किया है। सड़क किनारे खड़े युवक को कार से कुचलकर की गई निर्मम हत्या के मामले में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने गैंग लीडर सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर बड़ी कार्रवाई की है। जनपद में संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गैंग लीडर अमित यादव निवासी ग्राम बरौला, थाना कूरेभार तथा उसके सहयोगी सचिन यादव और पिंटू यादव उर्फ प्रमोद कुमार यादव को चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत कार्रवाई की है।

**कार से कुचलकर की गयी थी चंदन की हत्या**

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** अगस्त 2025 को जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े चंदन शर्मा (22) को आरोपियों ने जानबूझकर कार से टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों को भी गंभीर चोटें आई थीं। इस मामले में थाना जयसिंहपुर पर मुअसं 307/2025 धारा 103(1), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था विवेचना में सामने आया कि यह हत्या पूर्व नियोजित थी और संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा अंजाम दी गई। जांच के दौरान आरोपियों के आपराधिक इतिहास की पड़ताल में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, धमकी सहित अन्य गंभीर मामलों में उनकी संलिप्तता पाई गई। गिरोह के आतंक से दहशत में रहते थे लोग पुलिस अभिलेखों के मुताबिक गिरोह के भय और दबंगई के कारण आमजन इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने से बचते थे। गिरोह क्षेत्र में दहशत फैलाकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा था, जिससे कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, डीएम की स्वीकृति के बाद गैंगस्टर मुकदमा दर्ज हुआ पुलिस द्वारा गिरोह के विरुद्ध गैंग चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट सुलतानपुर से अनुमोदन प्राप्त किया गया। इसके बाद थाना जयसिंहपुर पर 28 जनवरी 2026 को मुअसं 0029/2026 के तहत धारा 2(ख) व 3(1) उप्र गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर कोतवाली में गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर सौंपा 10 सूत्री मांग पत्र

**गौरीगंज, अमेठी।** अपनी मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की लंबित एवं न्यायोचित मांग के समाधान हेतु विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित दिया तथा अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। प्रदर्शन में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिकाएं शामिल रही। गुरुवार को जिला मुख्यालय के विकासखंड कार्यालय पर एकत्रित आंगनबाड़ी व सहायिकाओं ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की एवं एक मांग पत्र जिला प्रशासन को सौते हुए सरकार से कार्रवाई की मांग की आंगनवाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश की अमेठी इकाई की जिला अध्यक्ष भानमती सरोज ने कहा कि हम लोगों को पूर्ण कालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त होना चाहिए एवं सम्मानजनक सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि उप्रमें भी रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष की जाए तथा कोरोना काल से अब तक सेवानिवृत्ति समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पेंशन एवं ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए, साथ ही उनकी मांग है कि 7 मार्च 2026 तक हमारी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो सबसे बड़ी बात यह है कि मनमानी कटौती की जाती है निजीकरण वआउटसोर्सिंग व्यवस्था पर प्रतिबंध लगना चाहिए। तो हम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बेबस होकर लखनऊ की और कूच करेंगे इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूर्ण जिम्मेदार शासन एवं प्रशासन होगा। इस मौके पर गीतांजलि, बिंदु, देशराज तिवारी, सुनीता तिवारी, सुदामा, श्याम पती सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं।

## बाबा ढाखूदास कुटी में भंडारे के साथ श्रीराम कथा संपन्न



नसीराबाद.रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम मियां गफूर मजरे काजीपुर तेलियानी स्थित बाबा ढाखूदास कुटी में चल रही श्रीराम कथा का बुद्धवार को समापन हो गया। अयोध्या धाम से पधारे विद्वान कथा प्रवाचक पंडित धर्मेश हरि महाराज ने वैदिक पद्धति से विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद कथाविश्राम कराया। गुरुवार को कुटी परिसर में सवेरे से ही भक्तों का जमावड़ा लगा। साफ सफाई से लेकर प्रसाद बनाने तक की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों ने उठाई। दूर-दूर से आए तमाम श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद वितरण और साफ सफाई में हाथ बंटाया। इसके पहले अपराह्न 3 बजे आयोजकों ने कन्याओं का पूजन करके प्रसाद ग्रहण कराया। जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कुटिया के महंत कुंदेश जी, पवन कुमार, अनिलकुमार, रामसागर, गया प्रसाद, नीरज, विनोद तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## राष्ट्रीय तंबाकू या स्वास्थ्य सम्मेलन का शुभारंभ

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा 7वें राष्ट्रीय तंबाकू या स्वास्थ्य सम्मेलन का शुभारंभ 29 जनवरी को किया गया जो कि एक फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन की शुरूआत छह गहन प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशालाओं के साथ हुई, जिनका संचालन देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। यह आयोजन भारत में साक्ष्य-आधारित तंबाकू नियंत्रण के प्रति एक सशक्त प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस अवसर पर प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, डीन, एम्स रायबरेली ने अपना उद्घाटन संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने तंबाकू के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विशेष बल दिया। डॉ. राणा जे. सिंह, डायरेक्टर, साउथ-ईस्ट एशिया, वाइटल स्ट्रेटेजीज ने तंबाकू को विभिन्न गैर-संचारी रोगों का सबसे महत्वपूर्ण एकल जोखिम कारक बताते हुए इसके नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। ले. कर्नल अखिलेश कुमार सिंह, उप निदेशक (प्रशासन) ने तंबाकू उद्योग की मानकीकृत एवं भ्रामक विपणन प्रथाओं जैसे समान रंग और समान आकारकृके विरुद्ध तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जो हानिकारक उत्पादों को सामान्य बनाती हैं। कर्नल यू.एन. राय, वित्तीय सलाहकार ने तंबाकू के कारण आम जनता पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ तथा इसके नियंत्रण हेतु सरकार की वित्तीय रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन आयोजन सचिव डॉ. सौरभ पॉल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वाइटल स्ट्रेटेजीज तथा एम्स ऋषिकेश, भुवनेश्वर, बठिंडा और जम्मू सहित विभिन्न एम्स संस्थानों के विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण साझा किए। साथ ही, ओडिशा के राज्य तंबाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी एवं जिपमर, पुदुचेरी के प्रतिनिधियों सहित भारत के 24 से अधिक राज्यों से आए प्रतिभागियों ने इन विचार-विमर्शों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## एमएलसी ने किसानों को वितरित किया सोलर लाइट ट्रेप

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विभिन्न पारिस्थितिकी संसाधनों द्वारा कीट/ रोग नियंत्रण योजना अंतर्गत विकासखंड दुबेपुर में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा सोलर लाइट ट्रेप का वितरण किसानों को किया गया। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा विकासखंड दुबेपुर अब्दुल उस्मान ने बताया कि सोलर लाइट ट्रैप कृषि रक्षा इकाई दुबेपुर पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। जिन किसान भाइयों को सोलर लाइट की आवश्यकता है। वह कृषि रक्षा इकाई विकासखंड दुबेपुर पर संपर्क करके क्रय कर सकते हैं प्रभारी बीज भंडार आशुतोष मौर्य ने बताया कि सोलर लाइट ट्रैप के उपयोग से कृषि रसायनों का प्रयोग कम से कम होगा, लाइट ट्रैप किट पतंगों को अपने तरफ आकर्षित करके उनको खतम कर देगा, जिससे कि किसानों की कम लागत में उत्तम खेती कर सकते है।

## जानलेवा हमले के 4 आरोपितों को जमानत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित जयसिंहपुर कोतवाली के बाहरपुर बंधवा निवासी अखिलेश निषाद, सावंत निषाद, काजल व झूरा देवी को कोर्ट से राहत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद चारों आरोपितों को जमानत दे दी है। आरोपितों पर 22 अक्टूबर 2025 को गांव की रागिनी निषाद, उसकी मां शारदा, पिता अभयराज, बहन छाया व भाई भीम निषाद पर लाठी, डंडा व लोहे के राड से जानलेवा हमला करने का आरोप है।

# न्यू चिल्ड्रेन एकेडमी के छात्रों ने निकाली रैली

- कूरेभार में पर्यावरण और सामाजिक एकता का दिया संदेश



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार के मानिकपुर में संचालित न्यू चिल्ड्रेन एकेडमी के छात्रों ने पर्यावरण स्वच्छता और सामाजिक एकता को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने, उनके संरक्षण और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर वृक्ष लगाओ, हरियाली बचाओ, एकता में सम्मान, एकता में पहचान, धर्म का भेदभाव मिटाओ, देश को आगे बढ़ाओ और ष्एकता से बनेगा सशक्त भारत जैसे प्रेरक नारे लगाए। यह रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरी, जहां स्थानीय लोगों ने छात्रों की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारा जीवन आधार है, जो हमें शुद्ध हवा, स्वच्छ जल और हरी-भरी भूमि प्रदान करता है। हालांकि, आधुनिक विकास के कारण वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिदिन एक सकारात्मक कदम उठाने का आह्वान किया, क्योंकि हरा-भरा पर्यावरण ही सच्चा विकास है। संस्था अध्यक्ष रामजी सिंह ने अनेकता में एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एकता में ही बल है। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम का उदाहरण दिया, जब विभिन्न धर्म, जाति और क्षेत्रों के लोगों ने एकजुट होकर आजादी हासिल की थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भ्रष्टाचार, आतंकवाद और सामाजिक विभेद जैसी चुनौतियां एकता को कमजोर कर रही हैं, लेकिन प्रेम, भाईचारे और सहयोग से इनका सामना किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक रामजी सिंह, प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक मिर्जा आसिफ बेग सहित अध्यापक उत्तम सिंह, राकेश तिवारी, शाहबान अहमद, कौशलेश दूबे, दीपक कुमार सिंह, आरडी यादव वअध्यापिकाओं में इकरा खान, वंशिका सिंह, अंशिका राठौर, साक्षी यादव, खुशी यादव, फरहत खान, महविस बानो, निशा मिश्रा, अंशिका तिवारी, नगमा खान, शिवानी पाठक आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी ए07 5जी

नई दिल्ली। सैमसंग फरवरी के पहले सप्ताह में अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी ए07 5जी लॉन्च करने जा रहा है। ए-सीरीज का यह नया फोन खास तौर पर भारत की डिजिटल पीढ़ी के लिए बनाया गया है। यह उन यूजर्स के लिए बेस्ट है जो किफायती दाम में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट, सोशल मीडिया स्टोरीटेलिंग और पूरे दिन चलने वाली बैटरी चाहते हैं। गैलेक्सी ए07 5जी में 'आइकॉनिक ट्रैक कैमरा डेको' के साथ हाई-रिज़ॉल्यूशन ड्यूल कैमरा सेटअप है। इससे बैकग्राउंड खूबसूरती से ब्लर हो जाता है और सब्जेक्ट साफ नजर आता है। इसका वाइड-एंगल सेटअप सनसेट और स्ट्रीट फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है। यूजर्स को फोटो देखने और कंटेंट शेयर करने का बेहतरीन अनुभव देने के लिए इसमें 6.7-इंच की एचडी+ डिस्प्ले दी गई है।

## लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज ने की मल्टी स्टेट निवेश विस्तार की रणनीति पेश

मुंबई। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने स्वच्छ ऊर्जा, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग में एक मल्टी-स्टेट इन्वेस्टमेंट रोडमैप बताया है। ये भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास के अगले चरण में सार्थक रूप से भाग लेने के लॉर्ड्स मार्क के इरादे को दर्शाते हैं। लॉर्ड्स मार्क ने महाराष्ट्र सरकार के साथ दो प्रोजेक्ट्स के लिए एक एमओयू साइन किया है, जिसमें कुल रुपये 225 करोड़ का प्रस्तावित निवेश है। पहला प्रोजेक्ट किफायती मेडिकल और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित है, जिसमें रुपये 150 करोड़ का निवेश शामिल है, यह प्रोजेक्ट मई 2026 में शुरू होने वाला है और अगले 3-4 सालों में पूरा हो जाएगा। इस पहल से सालाना लगभग रुपये 500 करोड़ का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद है।

## जावा, येजदी और बीएसए राइडर्स एक साथ आये

बंगलुरु। जावा, येजदी और बीएसए के राइडर्स पूरे भारत में राइड के लिए गणतंत्र दिवस पर निकले। मोटरसाइक्लिंग भी गणतंत्र की तरह विविधता से जन्मी एकता पर फलती-फूलती है—इसी साझा विश्वास के साथ ये राइडर्स एक साथ आए। आधुनिक परफॉर्मेंस क्लासिक्स बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने इस अवसर पर राइडर्स के साथ यह दिन मनाया और अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नोमाड्सः राइड ऐज वन, राइड द लेगेसी नाम से कम्युनिटी पेज को लाइव किया। यह नया पेज राइडर्स को उनकी स्थानीय राइडिंग कम्युनिटी से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है, जिससे अब खोज और जुड़ाव केवल एक क्लिक में संभव हो गया है।

## पेंशन पाने वालों की आमदनी पर ज्यादा पड़ता टैक्स का असर

नयी दिल्ली। लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल की इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के को-चेयरपर्सन ने कहा कि पेंशन पाने वालों की आमदनी पर टैक्स का असर ज्यादा पड़ता है। हमारा मानना है कि पेंशन पर टैक्स की व्यवस्था को अन्य फिक्स्ड-इंटरेस्ट साधनों के अनुरूप बनाया जा सकता है, जहाँ केवल ब्याज या मुनाफे पर ही टैक्स लगाया जाए। इससे रिटायरमेंट के बाद पेंशनधारकों के हाथ में आने वाली आमदनी बढ़ेगी और जीवन बीमा के जरिए लंबी अवधि की बचत को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, जो पेंशनधारक अपनी पूरी राशि यानी कॉर्पस को कम्यूट नहीं करते हैं, उन्हें स्टैंडर्ड डिडक्शन की सुविधा दी जानी चाहिए। इससे सभी पेंशनधारकों के लिए टैक्स में समानता सुनिश्चित हो सकेगी।

## इंडिया एनर्जी वीक 2026 में उद्योगपतियों ने गैस को संतुलित ऊर्जा परिवर्तन के लिए आवश्यक बताया

नई दिल्ली। इंडिया एनर्जी वीक 2026 में उद्योग के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन अलग थलग प्रौद्योगिकियों के बजाय सभी क्षेत्रों और नीति भागीदारों के बीच समन्वित कार्रवाई से परिभाषित होगा। जैसा कि ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, आधारभूत ढांचे का विकास करने वालों, आपूर्तिकर्ताओं और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के बीच गठबंधन को एक लचीली ऊर्जा प्रणाली के लिए आवश्यकता के तौर पर देखा जाता है। इस परिचर्चा से यह बात रेखांकित हुई कि भारत के ऊर्जा परिदृश्य में विश्वसनीयता और किफायतीपन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उत्सर्जन में कमी लाना। प्राकृतिक गैस और एलएनजी को व्यवहारिक परिवर्तन वाले ईंधन के तौर पर स्थापित किया जा रहा है जो अक्षय ऊर्जा की पूरक बनते हुए औद्योगिक वृद्धि और स्वच्छ परिवहन में सहायक है। भारत तेजी से एक बेंचमार्क संचालित त्वरित खरीदार बन रहा है।

# सेंसेक्स में 222 अंकों की उछाल



मुंबई। टाटा स्टील एवं लार्सन एंड टुब्रो में जबर्दस्त खरीदारी और आर्थिक समीक्षा 2025-26 में अगले वित्त वर्ष के लिए 6.8-7.2 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान जताए जाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 222 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 76 अंक बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दोपहर के सत्र में बढ़ी लिवाली के दम पर 221.69 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,566.37 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, सुबह के कारोबार में यह 636.74 अंक टूटकर 81,707.94 अंक तक गिर गया था।

वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 76.15 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर 25,418.90 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में निफ्टी 25,159.80 अंक तक फिसल गया था। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों के निवेश में बढ़ोतरी ने प्रमुख सूचकांकों को निचले स्तर से उबारने में मदद की। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील ने सबसे अधिक 4.41 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 71,450 करोड़ रुपये होने का नतीजा देने वाली लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में भी 3.66 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। संसद में पेश वित्त वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में सुधारों के एकीकृत प्रभाव के कारण अर्थव्यवस्था के अगले वित्त वर्ष में 6.8-7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है। इसमें अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के इस साल पूरा होने की संभावना भी जताई गई है। आर्थिक समीक्षा के उत्साहजनक सुर और स्थिर मुद्रास्फीति परिवेश के बीच घरेलू बाजारों ने शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मजबूती दर्ज की। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड ने सर्वाधिक 2.69 प्रतिशत की तेजी दिखाई जबकि बिजली खंड में 2.18 प्रतिशत, उपयोगिता खंड में 1.48 प्रतिशत और जिंस खंड में 1.33 प्रतिशत की बढ़त रही। दूसरी तरफ, विवेकाधीन उपभोक्ता खंड, एफएमसीजी, आईटी, वाहन और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों के बाद बुधवार को फिर से खरीदार बन गए और उन्होंने कुल 480.26 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।

# दिल्ली में चांदी चार लाख रुपये प्रति किलो के पार, सोने का भी नया रिकॉर्ड



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गईं, जबकि सोना 1.83 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी वैश्विक बाजारों में तेज उछाल और सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली इन परिसंपत्तियों के लिए निवेशकों की मजबूत मांग के कारण हुई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार चौथे सत्र में तेजी जारी रही और यह 19,500 रुपये, या 5.06 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। चांदी बुधवार को 3,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 12,000 रुपये, या 7.02 प्रतिशत बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से कहीं अधिक है। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा कीमतों में तेज उछाल काफी हद तक वैश्विक रुख के अनुरूप था, जिसमें भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और अमेरिकी डॉलर कमजोर होने के बीच निवेशकों के सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की ओर रुख करने से सोने और चांदी ने नये रिकॉर्ड ऊंचाई हासिल की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोना 177.14 डॉलर, या 3.3 प्रतिशत बढ़कर 5,595.02 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 3.59 डॉलर, या 3.07 प्रतिशत बढ़कर 120.45 डॉलर प्रति औंस के सवकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

## उच्च शुल्क के बीच सेवा निर्यात ने देश केलिए सुरक्षा कवच का काम किया: आर्थिक समीक्षा

नयी दिल्ली। देश का सेवा निर्यात वृद्धि के लिए एक स्थिर आधार बना हुआ है और शुल्क-संबंधी अनिश्चितताओं के बीच इसने वस्तु निर्यात में बढ़ी अस्थिरता को आंशिक रूप से संतुलित किया है। संसद में बृहस्पतिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क के बावजूद देश के माल निर्यात में 2.4 प्रतिशत (अप्रैल-दिसंबर 2025 अवधि में) की वृद्धि हुई, जबकि सेवा निर्यात में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षा में कहा गया, सेवा निर्यात लगातार वृद्धि के लिए स्थिर आधार बना हुआ है जिससे शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के बीच वस्तुओं के निर्यात में अधिक अस्थिरता की आंशिक रूप से भरपाई हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सेवा निर्यात 387.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जिसमें सालना 13.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। इससे भारत को प्रौद्योगिकी, व्यापार और पेशेवर सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाने की स्थिति और मजबूत हुई। कुल सेवा निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाली सॉफ्टवेयर सेवाएं वृद्धि का मुख्य चालक बनी हुई हैं। नीतिगत अस्थिरता और भू-राजनीतिक बाधाओं के कारण वैश्विक वस्तु व्यापार धीमा होने के बीच, सेवा निर्यात देश के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच का काम कर रहा है।

# रुपया तीन पैसे बढ़कर 91.96 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी कोषों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की धारणा कमजोर होने के बीच, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 91.96 पर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब बंद हुआ।

हालांकि, बुधवार के मुकाबले रुपये में तीन पैसे का मामूली सुधार है, पर यह अब के निम्नतम स्तर के आसपास जा पहुंचा है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92 के अपने अब तक के सबसे निचले दिन के कारोबार के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का भी रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 91.95 पर खुला और शुरुआती कारोबार में 91.82 के उच्चस्तर पर पहुंचा, लेकिन बाद में इसमें गिरावट आई और यह डॉलर के मुकाबले 92 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में रुपया 91.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की मामूली बढ़त को दर्शाता है। बुधवार को, रुपया 31 पैसे की गिरावट के साथ बंद हुआ था, और डॉलर के मुकाबले 91.99 के अपने अब तक के सबसे निचले बंद स्तर पर फिर से पहुंच गया। 23 जनवरी को, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92 के अपने अब तक के सबसे दिन के कारोबार के निचले स्तर पर पहुंच गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक समीक्षा पेश की, जिसमें बाहरी क्षेत्र से जोखिमों और विदेशी पूंजी निकासी पर चिंता जताई गई। इस बीच, दुनिया की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.07 प्रतिशत गिरकर 96.37 पर कारोबार कर रहा था।

# भारत के व्यापक आर्थिक आधार मजबूत : सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का व्यापक आर्थिक आधार पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

उन्होंने कहा कि देश ने वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है, जिससे हमारी संभावित जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर सात प्रतिशत हो गई है। सीतारमण ने संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश करने के बाद, सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि भू-राजनीतिक विखंडन और आर्थिक उथल-पुथल से भरी इस दुनिया में भारत एक वैश्विक चमकते सितारे के रूप में खड़ा है - जो मजबूत, स्थिर और आगे बढ़ने वाला है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारे व्यापक आर्थिक आधार पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। हमने वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए भारत को उच्च वृद्धि पथ पर पहुंचाया है। हमने अपनी संभावित जीडीपी वृद्धि दर को सुधारकर सात प्रतिशत कर लिया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत गति बनाए रखी है।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा





नयी दिल्ली। देश की आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे साफ है कि व्यापार जोखिम और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। संसद में बृहस्पतिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया।

हालांकि, अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह अनुमान मौजूदा वित्त वर्ष के 7.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। इसका मुख्य कारण उपभोग और निवेश में कमी है। देश की आर्थिक स्थिति को बयां करने वाली 2025-26 की समीक्षा में कहा गया, हाल के वर्षों में नीतिगत सुधारों के प्रभाव से अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की वृद्धि क्षमता 6.5 से 6.8 प्रतिशत से बढ़कर सात प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मजबूत वृद्धि का दृष्टिकोण बना हुआ है और इसके लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है, लेकिन निराशावादी होने की जरूरत नहीं है। चालू वर्ष के लिए 7.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान पिछले वर्ष की समीक्षा में अनुमानित 6.3 से 6.8 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। लेकिन अगले वर्ष के लिए अनुमान से साफ है कि अमेरिका के साथ व्यापार तनाव के बावजूद भारत दुनिया में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहेगा। भारत उन कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जिसने अभी तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौता नहीं किया है। अमेरिका ने भारत से निर्यात होने वाले सामान पर 50 प्रतिशत का उच्चतम शुल्क लगाया है। श्रम-प्रधान क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले शुल्क के जवाब में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने नीति और कर सुधारों की शुरुआत की है। इनमें जीएसटी दरों में कटौती, आयकर सीमा को बढ़ाना, कंपनियों पर अनुपालन बोझ कम करने के लिए श्रम कानूनों में संशोधन और मई, 2025 के बाद से चार मुक्त व्यापार समझौते शामिल हैं। इनमें यूरोपीय संघ के साथ एक बड़ा समझौता भी शामिल है। हालांकि महंगाई कम है, कंपनियों और परिवारों की बही-खाते बेहतर है और उपभोग मांग मजबूत बनी हुई है, पर अमेरिकी शुल्क के कारण रुपये में पिछले साल लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट आई है और अब यह अपनी क्षमता से निचले स्तर पर है। समीक्षा में कहा गया, रुपये का मूल्यांकन भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद को सही रूप से प्रतिबिंबित नहीं करता है।

# यात्री किराये में बढ़ोतरी से माल ढुलाई पर रेलवे की निर्भरता घटी

नयी दिल्ली। संसद में बृहस्पतिवार को पेश वित्त वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा के अनुसार रेल मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों में तीन बार यात्री किराये को तर्कसंगत बनाया है। इसके चलते रेलवे की कुल आय में माल ढुलाई से होने वाली कमाई की हिस्सेदारी धीरे-धीरे 68 प्रतिशत से घटकर 65 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके और गिरकर 62 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। समीक्षा ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान रेलवे के आर्थिक प्रदर्शन का विश्लेषण किया और आगामी वर्ष के लिए अपना नजरिया प्रस्तुत किया।

इसमें मुख्य रूप से रेलवे यातायात में क्रॉस-सब्सिडी पर ध्यान केंद्रित किया गया। क्रॉस-सब्सिडी के तहत रेलवे माल ढुलाई सेवाओं से मुनाफा कमाता है, लेकिन उस मुनाफे का इस्तेमाल यात्री और अन्य सेवाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए करता है। समीक्षा में कहा गया, पिछले पांच वर्षों में यात्री किराये को तीन बार तर्कसंगत बनाया गया - एक जनवरी, 2020, एक जुलाई, 2025 और 26 दिसंबर, 2025 को। नतीजतन, रेलवे की कुल आय में माल ढुलाई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 के 68 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2024-25 में 65 प्रतिशत रह गई।

## ग्लोबल बिजनेस समिट 2026 में मुख्य वक्ता होंगे प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल बिजनेस समिट 2026 में मुख्य भाषण देंगे। यह समिट 13 और 14 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाली है। पीएम मोदी के नेतृत्व के ग्यारह वर्षों में, भारत छह पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसने पिछले साल जापान को पीछे छोड़ दिया। यह काफी कम समय में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस पृष्ठभूमि में, ग्लोबल बिजनेस समिट 2026 में पीएम का भाषण वैश्विक आर्थिक इतिहास में एक सही समय पर आया है और यह दुनिया की इनोवेशन राजधानी बनने में भारत की बढ़ी हुई भूमिका के लिए एक रास्ता तैयार करेगा।

## पेज एक का शेष

### ग्लोबल एनर्जी

की उपलब्धता भारत में कोई समस्या नहीं है, हालांकि यूस्ड कुकिंग ऑयल भारत के लिए व्यावहारिक विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील जैसे देशों में एसएएफ के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। इस दिशा में लगातार बातचीत और सहयोग चल रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर मंत्री ने कहा कि इसकी नीति पहले ही लागू की जा चुकी है और प्रधानमंत्री ने इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाने का स्पष्ट निर्देश दिया है। इस मिशन को छह अलग-अलग मंत्रालयों/विभागों के बीच बांटा गया है ताकि क्रियान्वयन तेज हो। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत कम करना है, क्योंकि भारत में बड़े पैमाने पर स्केलिंग की क्षमता मौजूद है। उनके मुताबिक जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, लागत घटेगी और भारत इस सेक्टर में ग्लोबल लीडर बनने की स्थिति में आएगा। भारत ऊर्जा ट्रांज़िशन को बाध्यता नहीं, अवसर के रूप में देखता है, और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

### नये साल में

है। इसके साथ ही कैबिनेट ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से आए विस्थापित हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास के लिए भूमि और सुविधाओं की व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा और सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) नियमावली में संशोधन के प्रस्तावों को भी पास कर दिया गया है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रेसवार्ता में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 32 प्रस्ताव आए, जिनमें 30 को कैबिनेट की स्वीकृति मिली। फैसले के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों (व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञों एवं मानदेय शिक्षकों सहित), संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों (मानदेय शिक्षकों सहित), माध्यमिक शिक्षा परिषद व संस्कृत शिक्षा परिषद के मान्यता प्राप्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञों को आईपीडी (अंतःरोगी विभाग) इलाज की कैशलेस सुविधा मिलेगी। इस सुविधा का लाभ उनके आश्रित भी उठा सकेंगे। प्रेसवार्ता में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि सरकार की इस पहल का लाभ 2.97 लाख से अधिक लोगों को मिल सकेगा, जबकि इस पर 89.25 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

### यूजीसी के

तो परिसर के बाहर लोग कैसा व्यवहार करेंगे, इस विषय पर उन्हें गंभीरता से विचार करना चाहिए। शुरुआत में, पीठ ने 2026 के विनियमों को लेकर चिंता व्यक्त की और विनियमन 3(1)(सी) के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की एक अलग परिभाषा की आवश्यकता पर सवाल उठाया, जबकि विनियमन 3(1)(ई) पहले से ही 'भेदभाव' की एक व्यापक परिभाषा प्रदान करता है। इसने यह सवाल भी खड़ा किया कि रैगिंग को विनियमों के दायरे से बाहर क्यों रखा गया है, जबकि यह शैक्षणिक संस्थानों के भीतर उत्पीड़न का एक सामान्य स्वरूप है। पीठ ने कहा कि विनियमों की भाषा 'प्रथम दृष्टया अस्पष्ट' और 'दुरुपयोग के योग्य' प्रतीत होती है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने विनियमन 3(1)(सी) को चुनौती दी, जो जाति आधारित भेदभाव को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के खिलाफ 'केवल जाति या जनजाति के आधार पर' भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। जैन ने कहा कि यह परिभाषा सामान्य वर्ग से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भेदभाव को शामिल नहीं करती है और यह धारणा बनाती है कि केवल कुछ वर्गों को ही जाति-आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दलील दी कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। उन्होंने इन विनियमों पर रोक लगाने की मांग की। प्रधान न्यायाधीश ने क्षेत्रीय भेदभाव से जुड़े एक काल्पनिक परिदृश्य को सामने रखा और कहा कि अगर दक्षिण भारत का कोई छात्र उत्तरी भारतीय संस्थान में अपमान का सामना करता है, जहां जातिगत पहचान अज्ञात है, फिर नियम 3(1)(ई) ऐसी स्थितियों से कैसे निपटेगा। इस पर जैन ने हां में जवाब दिया। एक अन्य वकील ने एक ऐसे परिदृश्य पर प्रकाश डाला जहां सामान्य श्रेणी के एक नए छात्र को एससी से संबंधित एक वरिष्ठ छात्र द्वारा रैगिंग का सामना करना पड़ता है, और यह तर्क दिया कि वर्तमान नियम कोई उपाय प्रदान नहीं करते हैं और यहां तक कि पीड़ित को बदले की कार्वाई का भी सामना करना पड़ सकता है। इस पर पीठ ने यह सवाल किया कि नियमों में रैगिंग पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया। पीठ ने कहा, अधिकांश उत्पीड़न कनिष्ठ-वरिष्ठ के आधार पर होते हैं। यह क्यों मान लिया जाता है कि केवल जाति आधारित भेदभाव ही मौजूद है? इसने कहा, 'जातिविहीन समाज की स्थापना के संदर्भ में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, क्या अब हम प्रतिगामी हो रहे हैं?'

### संपत्ति पंजीकरण

प्रभावी रोक लगाने हेतु आधार प्रमाणीकरण लागू किए जाने के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के क्रम में आवश्यक अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचना 02 अगस्त 2024 के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 69 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2024 को प्रवृत्त किया गया है। इसके अंतर्गत आधार संख्या धारकों की पहचान ई-केवाईसी, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं ई-हस्ताक्षर के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्थापित की जाएगी। विलेख पंजीकरण के दौरान निष्पादकों, पक्षकारों एवं गवाहों की पहचान सत्यापन हेतु आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था 01 फरवरी 2026 से प्रदेश के सभी उप निबंधक कार्यालयों में लागू कर दी जाएगी। इस संबंध में समस्त उप निबंधक कार्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से छद्म व्यक्तियों की ओर से पंजीकरण पर प्रभावी रोक लगेगी, पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा भूमि एवं अचल संपत्ति से जुड़े फजीवाड़े, कूटरचित दस्तावेज और विवादों में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे डिजिटल पंजीकरण व्यवस्था सशक्त होगी, विधिक विवादों एवं न्यायालयीन वादों में कमी आएगी और नागरिकों के संपत्ति अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। यह व्यवस्था राज्य सरकार के डिजिटल गवर्नेंस लक्ष्यों के अनुरूप है।

### देश का

में से एक है जिसने अभी तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौता नहीं किया है। अमेरिका ने भारत से निर्यात होने वाले सामान पर 50 प्रतिशत का उच्चतम शुल्क लगाया है।

श्रम-प्रधान क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले शुल्क के जवाब में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने नीति और कर सुधारों की शुरुआत की है। इनमें जीएसटी दरों में कटौती, आयकर सीमा को बढ़ाना, कंपनियों पर अनुपालन बोझ कम करने के लिए श्रम कानूनों में संशोधन और मई, 2025 के बाद से चार मुक्त व्यापार समझौते शामिल हैं। इनमें यूरोपीय संघ के साथ एक बड़ा समझौता भी शामिल है। हालांकि महंगाई कम है, कंपनियों और परिवारों की बही-खाते बेहतर है और उपभोग मांग मजबूत बनी हुई है, पर अमेरिकी शुल्क के कारण रुपये में पिछले साल लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट आई है और अब यह अपनी क्षमता से निचले स्तर पर है। समीक्षा में कहा गया रुपये का मूल्यांकन भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद को सही रूप से प्रतिबिंबित नहीं करता है। हालांकि, रुपये के मूल्य में गिरावट भारतीय वस्तुओं पर उच्च अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को कुछ हद तक कम करती है।

हालांकि, इसमें कहा गया है कि वृहद आर्थिक परिस्थितियां बाह्य झटकों के प्रति मजबूती प्रदान करती हैं और वृद्धि की गति को बनाए रखने में सहायक हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि यदि उच्च शुल्क लागू रहता हैं तो आगामी वित्त वर्ष में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। समीक्षा में कच्चे माल की लागत में कमी के लिए राष्ट्रीय रणनीति का आह्वान किया गया है। राजस्व के दृष्टिकोण से, चालू वित्त वर्ष 2025-26 में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह दोनों ही मजबूत बने हुए हैं। विशेष रूप से गैर-कंपनी कर संग्रह (जिसमें व्यक्तिगत कर संग्रह शामिल है) की वृद्धि अन्य करों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से तेजी से हो रही है। यह स्पष्ट रूप से कर संग्रह के विभिन्न श्रेणियों, प्रशासनिक सुधारों और यहां तक कि भविष्य के कर सुधारों की सफलता को बताता है। समीक्षा में नए आयकर कानून के महत्व के बारे में भी बताया गया है, जो एक अप्रैल से प्रभावी होने वाला है। इसका उद्देश्य करदाताओं के लिए सरलता और संरचनात्मक स्पष्टता प्रदान करना तथा स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक फरवरी को 2026-27 का बजट पेश करने से पहले जारी समीक्षा में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में देश की निर्यात नीतियों में कमियों को उजागर किया गया है। समीक्षा में कहा गया है कि मूल्य के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश चार वर्षों के भीतर कृषि, समुद्री और खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्यात में 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है।

साथ ही, इसमें चेतावनी दी गई है कि बार-बार नीतिगत बदलावों से आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान उत्पन्न होने, अनिश्चितता बढ़ने और विदेशी खरीदारों को वैकल्पिक स्रोतों की ओर जाने का खतरा है। इससे खोए हुए निर्यात बाजारों को फिर से प्राप्त करना मुश्किल होगा। इसमें पूंजी की लागत को कम करने और बैंकों के अलावा वित्तपोषण के स्रोतों में विविधता लाने के लिए कई कदम उठाने का भी आह्वान किया गया है। इसमें अन्य कदमों के साथ-साथ ज ण उत्पादों पर कर कम करने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में डिजिटल लत से निपटने के लिए सोशल मीडिया ऐप तक पहुंच पर आयु-आधारित सीमाएं निर्धारित करने का आह्वान किया गया है। साथ ही, कोविड-19 के दौरान विस्तारित ऑनलाइन शिक्षण उपकरणों पर निर्भरता को कम करने और ऑफलाइन गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही गई है।

### जरूरतमंदों की सेवा

चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी को भी कोई परेशानी न हो। इस निमित्त हम जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की सेवा उनके लिए सबसे बड़ा धर्म है और इस धर्म के निर्वहन में हम रंच मात्र भी कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# उत्तर प्रदेश के 237 रन

एजेंसी

नागपुर। भारत के अंतरराष्ट्रीय स्टार ध्रुव जुरेल शतक से चार रन से चूक गए और उनकी टीम विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के आखिरी लीग मैच में 237 रन पर आउट हो गई। विदर्भ के लिये बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने छह विकेट चटकाये। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर विदर्भ ने बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिये थे। पहले बल्लेबाजी चुनने वाली उत्तर प्रदेश टीम के छह विकेट एक समय 109 रन पर गिर गए थे। इसके बाद जुरेल और शिवम मावी (47) ने सातवें विकेट के लिये 92 रन की साझेदारी की। जुरेल ने अपनी पारी में 11 चौके लगाये। विदर्भ के लिये दुबे ने 19 . 5 ओवर में 63 रन देकर छह विकेट लिये।

ग्रुप ए के एक अन्य मैच में सलेम में सुकीर्त पांडे के 222 गेंद में नाबाद 73 रन और निनाद राठवा के 112 गेंद में 66 रन की मदद से बड़ौदा ने तमिलनाडु के खिलाफ पांच विकेट पर 247 रन बनाये। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 85 रन की साझेदारी की। सुकीर्त ने अतीत सेठ (नाबाद 45) के साथ 90 रन जोड़े। सोविमा में एक अन्य मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज चेतन बिष्ट के नाबाद 160 रन की मदद से नगालैंड ने आंध्र के खिलाफ छह विकेट पर 322 रन बनाये। बिष्ट ने अपनी पारी में 23 चौके और एक



छक्का लगाया और डेगा निश्छल (74) के साथ पांचवें विकेट के लिये 167 रन जोड़े। वहीं जमशेदपुर में ओडिशा ने झारखंड के खिलाफ छह विकेट पर

**रणजी ट्रॉफी लीग मैच**

242 रन बनाये। वहीं दूसरी ओर सनत सांगवान के शानदार शतक के बावजूद दिल्ली की टीम मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां अपनी पहली पारी में 221 रन पर सिमट गई। मुंबई के लिए मोहित अवस्थी ने 62 रन पर पांच विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुंबई ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 13 रन बना लिये थे। सांगवान ने 118 रन की पारी के साथ एक छोर संभाले रखा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से किसी बल्लेबाज का अच्छा साथ नहीं मिला।

उन्होंने मौजूदा सत्र अपनी तीसरी शतकीय पारी के दौरान 218 गेंद में 11 चौके और दो छक्के जड़े। इस 25 साल के बल्लेबाज ने वैभव कांडपाल (32) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की जिससे दिन की शुरुआत में दिल्ली की टीम मजबूत स्थिति में थी। पहले सत्र में दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 111 रन था। अवस्थी ने हालांकि लंच के बाद छह ओवर के स्पैल में तीन विकेट लेकर दिल्ली के मध्यक्रम को झकझोर दिया। अवस्थी ने दिल्ली की कप्तानी कर रहे आयुष डोसेजा (शून्य) और सुमित माथुर (दो) को विकेट के पीछे कैच कराकर आउट किया।

उन्होंने पदार्पण कर रहे आर्यन राणा को पहली स्लिप में सरफराज खान के हाथों कैच कराया। अवस्थी ने दो और विकेट लेकर अपना पांच विकेट पूरे करने के साथ दिल्ली की पारी समेट दी। उन्हें अनुभवी शम्स मुलानी (45 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (36 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दिल्ली ने आखिर नौ विकेट 110 रन पर गंवा दिये।

## खुद का इतिहास रचना चाहते हैं जोकोविच

मेलबर्न। पुरुष टेनिस के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह खुद का इतिहास रचने पर ध्यान दे रहे हैं। अब तक रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले जोकोविच जब सिनर के खिलाफ मुकाबले के संदर्भ में सवालों का जवाब दे रहे थे तब एक सवाल पर उन्हें अपमान महसूस हुआ। जोकोविच वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज़ ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है।

## एमबापे के दो गोल रियाल मैड्रिड हारा

लंदन। स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे के दो गोल के बावजूद रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में बेनफिका से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले रियाल मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर था लेकिन अब वह नौवें स्थान पर खिसक गया जो अंतिम 16 में सीधे प्रवेश पाने से एक स्थान नीचे है। बेनफिका की तरफ से यूक्रेन के गोलकीपर अनातोली ट्रूबिन ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में गोल किया। इससे बेनफिका गोल अंतर के आधार पर 24वें स्थान पर पहुंच गया और उसने प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। अनातोली ने जब गोल किया तब रियाल मैड्रिड नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे कुछ मिनट पहले ही राउल असेंसियो और रोड्रिगो को लाल कार्ड दिखाए गए थे। स्पोर्टिंग लिस्बन ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की, जिससे रियाल मैड्रिड शीर्ष आठ से बाहर हो गया। स्पोर्टिंग ने अप्रत्याशित रूप से लिवरपूल, टॉटेनहम, बार्सिलोना, चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के साथ शीर्ष आठ में जगह पक्की कर ली।





















































































# भारत के डिजिटल ढांचे पर दुनिया को भरोसा

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पारदर्शी, निष्पक्ष एआई परिवेश के लिए काम करने की जरूरत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के पास पैमाने और विविधता के साथ लोकतंत्र है, जिसके कारण दुनिया भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे पर भरोसा करती है। मोदी ने डेटा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी को एक पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश की दिशा में काम करना चाहिए।

उन्होंने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर एआई क्षेत्र में कार्यरत सीईओ और विशेषज्ञों के साथ बातचीत में सभी क्षेत्रों में नई प्रौद्योगिकी को अपनाने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए इसका उपयोग करने की आवश्यकता बतायी। साथ ही प्रमुख क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग का आग्रह किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास पैमाने, विविधता और लोकतंत्र का अनूठा संयोजन है, जिसके कारण दुनिया भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे पर भरोसा करती है। सभी के लिए एआई के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, उन्होंने कहा कि सभी को इस प्रौद्योगिकी के साथ प्रभाव पैदा करने के साथ-साथ दुनिया को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों से आग्रह किया कि वे भारत को वैश्विक एआई प्रयासों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनाएं। फरवरी में होने वाले आगामी इंडियाएआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित इस बैठक का उद्देश्य रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना, एआई नवोन्मेषों का प्रदर्शन करना और भारत के एआई मिशन के लक्ष्यों को गति देना था।

बातचीत के दौरान, सीईओ ने एआई प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने भारत को वैश्विक स्तर पर एआई के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना भी की। प्रधानमंत्री ने आगामी एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के बारे में बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि सभी व्यक्तियों और कंपनियों को नए अवसरों का पता लगाने और वृद्धि के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए इस शिखर सम्मेलन का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के माध्यम से भारत ने अपनी प्रौद्योगिकी क्षमता का प्रदर्शन किया है और इसे एआई के क्षेत्र में भी दोहराया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कृत्रिम मेधा के नैतिक उपयोग पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कृत्रिम मेधा के कौशल विकास और प्रतिभा तैयार करने पर ध्यान देने की आवश्यकता भी बतायी। उन्होंने कहा कि भारत का कृत्रिम मेधा परिवेश देश के चरित्र और मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। उच्चस्तरीय बैठक में विप्रो, टीसीएस, एचसीएलटेक, जोहो कॉरपोरेशन, एलटीआई माइंडट्री, जियो प्लेटफॉर्म्स लि., अदानी कॉनेक्स, एनएक्सट्रा डेटा और नेटवेब टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शामिल हैं।

# बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल, अभिषेक सिंघवी, प्रशांत भूषण और गोपाल शंकरनारायण सहित कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की। इस मामले में निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह उपस्थित हुए। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रतिवाद प्रस्तुत करने वाली दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने पिछले साल 12 अगस्त को इस मामले में अंतिम बहस शुरू की थी, जिसमें उसने कहा था कि मतदाता सूची में नामों को शामिल करना या हटाना भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में आता है।

उच्चतम न्यायालय









































